जनता की आवाज, जनता का आदेश

# राष्ट्रीय जनादेश

janadesh2012@gmail.com www.rashtriyajanadesh.com

बैतूल, गुरूवार 26 मार्च 2026 » वर्ष-29 » अंक-63 » आर.एन.आई.नं. 69078/98 » पृष्ठ -06 » मूल्य-2 रू.







# नवरात्र में भी नहीं दिख रहा प्रॉपर्टी खरीदी का उत्साह

- रोजाना 40 से 45 दस्तावेजों का ही हो रहा बैतूल में पंजीयन
- एक अप्रैल से रेट में बढ़ोतरी होने का भी नहीं दिख रहा है डर

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। इस साल लोगों में प्रॉपर्टी खरीदने को लेकर कुछ खास उत्साह नजर नहीं आ रहा है। अन्य सालों के विपरीत इस बार न नवरात्र का कोई फर्क लोगों पर पड़ रहा है और न ही एक अप्रैल से जमीन महंगी होने का ही डर दिख रहा है। इन्हीं सब कारणों से इस साल मिले लक्ष्य से जिला काफी पीछे चल रहा है।**

नवरात्र का पर्व बेहद शुभ माना जाता है। यही कारण है कि इन दिनों में लोग बड़े पैमाने पर प्रॉपर्टी की खरीदी करते हैं। यही कारण है कि पिछले वर्षों में नवरात्र पर्व के दौरान पंजीयन कार्यालयों में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ता था। इसके अलावा अभी मार्च महीने का आखरी सप्ताह चल रहा है। एक अप्रैल से नई गाइड लाइन लागू होने पर जिले की अधिकांश लोकेशनों पर जमीन के दाम बढ़ जाते हैं। यही वजह है कि मार्च के महीने में कम दामों पर रजिस्ट्री करवाने के लिए भी लोग बड़ी संख्या में पंजीयन कार्यालय पहुंचते हैं। इस साल भी एक अप्रैल से नई गाइड




लाइन लागू होना है। इसमें भी अधिकांश जगह जमीन महंगी होना है। इसके अलावा अभी नवरात्र भी चल रहे हैं, लेकिन इन दोनों का ही कहीं कोई असर नजर नहीं आ रहा है।

शेष पेज 2 पर..

## इस साल लक्ष्य पूरा होना बेहद मुश्किल

यही कारण भी है कि इस साल लक्ष्य पूरा होना बेहद मुश्किल हो गया है। बैतूल उप पंजीयक कार्यालय को इस साल 64 करोड़ का लक्ष्य मिला था। इसके विपरीत अभी तक 55 करोड़, 77 लाख की आय ही हो सकी है। अभी तक यहां कुल 10573 दस्तावेजों का पंजीयन हो सका है। इनमें से 5500 सेल डीड हैं। इस साल जो परिस्थितियां हैं, उनमें दिया गया लक्ष्य किसी भी हालत में पूरे होने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं।

# क्या बिगड़ैल नपा की नकेल कस पाएंगे नवनीत

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** काजल की कोठरी कहलाने वाली नगर पालिका परिषद बैतूल के हालात किसी से छिपे नहीं हैं। बीते लगभग ढाई वर्षों से बैतूल नपा अपने बिगडैल रवैये के चलते बदनाम हो चुकी है। पूरे शहर की बदहाली हो गई है। सिर्फ वही काम चुन-चुन कर किए जा रहे हैं, जिसमें जमकर मलाई कट रही है और फीलगुड फैक्टर महसूस हो रहा है। जनता की मूलभूत सुविधाओं से तो नगर पालिका परिषद के पार्षदों और अध्यक्ष का शायद दूर-दूर तक वास्ता ही नहीं रहा है। पार्षद भी सिर्फ दिखावे के लिए सक्रियता दिखाते हैं। पेननेम से ठेकेदारी का नगर पालिका में जो खेल चल रहा है उसका पूरे नगर में सार्वजनिक प्रदर्शन हो चुका है। लेकिन, फीलगुड के चक्कर में पक्ष और विपक्ष दूध और पानी की तरह मिला हुआ है। अध्यक्ष की परिषद पर कोई कमांड ही नहीं है। बची-कुची कसर बीते एक-डेढ़ वर्षों में सीएमओ सतीश मटसेनिया की घटिया कार्यप्रणाली ने पूरी कर दी है। अब एक बार फिर नवनीत पांडे के रूप में एक नये-नवेले और कम अनुभवी सीएमओ के हाथ में नपा की कमान आ रही है। लगभग एक वर्ष बाद नगर पालिका के चुनाव होने हैं और फिर क्रमशः विधानसभा और लोकसभा चुनाव रहेंगे।



जिला मुख्यालय की नगर पालिका के कार्यों से पूरे जिले में संदेश जाता है। उम्मीद कम ही है कि नवनीत पांडे बिगडैल नगर पालिका की लगाम कस पाएंगे। फिर भी कुछ समय उनको और उनकी कार्यप्रणाली को देखने-परखने के लिए दिया जाना चाहिए। बड़ा सवाल यह भी है कि क्या सीएमओ नवनीत पांडे अपने आपको नगर पालिका परिषद बैतूल में बने इंजीनियरों और ठेकेदारों के काकस से बचा पाएंगे?

## आज प्रभार लेंगे नए सीएमओ नवनीत पांडे

*लगभग एक माह तक बगैर सीएमओ के चली बैतूल नगर पालिका को गुरुवार को सीएमओ मिल जाएगा। घोड़ाडोंगरी के प्रभारी सीएमओ नवनीत पांडे को बैतूल नपा का प्रभार भी सौंप दिया गया है। वे गुरुवार को बैतूल पहुंच कर नपा की कमान संभालेंगे। विगत 26 फरवरी को नपा सीएमओ सतीश मटसेनिया को निलंबित किए जाने के बाद से बैतूल नपा बिना सीएमओ के चल रही थी। फिलहाल बैतूल एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह के पास सीएमओ*

शेष पेज 2 पर..

# बरेठा घाट पर कॉरिडोर निर्माण के लिए करना होगा इंतजार

***बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।*** *बैतूल-भोपाल नेशनल हाईवे (एनएच-46) पर बरेठा घाट में कॉरिडोर निर्माण के लिए थोड़ा इंतजार करना होगा। हाईकोर्ट ने फिलहाल इस पर रोक बरकरार रखी हैं, वहीं मामले की अगली सुनवाई 7 अप्रैल तय की है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की बेंच ने इस मामले में राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण और वन्य जीव बोर्ड के अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से पेश होने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि महाराष्ट्र के अमरावती निवासी अद्वैत कओले की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि सतपुड़ा टाइगर रिजर्व और बोरी अभयारण्य क्षेत्र में वन जीवों की आवाजाही प्रभावित नहीं होना चाहिए। कुछ दिन पूर्व ही एनएचएआई के क्षेत्रीय कार्यालय ने जानकारी दी थी कि बरेठा घाट पर 21 किलोमीटर पर कॉरिडोर निर्माण के लिए सभी अनुमतियां प्राप्त कर ली गई है और हाईकोर्ट से लगी रोक हटते ही कॉरिडोर में फोर लेन सड़क का निर्माण किया जाएगा। अब अगली सुनवाई पर स्थिति स्पष्ट होगी।*

# कांग्रेस के प्रस्ताव में जिले में 7 विस प्रस्तावित

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** केन्द्र सरकार द्वारा 2029 लोकसभा चुनाव के पहले महिला आरक्षण लागू करने और 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन करने की सुगबुगाहट से देशभर में राजनैतिक हलचल तेज हो गई है। प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस द्वारा भी परिसीमन के लिए राजनैतिक मेपिंग करने संगठन स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गई थी। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार कांग्रेस के पार्टीकल मेपिंग परिसीमन के अनुसार जिले की भौगोलिक स्थिति और जनसंख्या के आधार पर जिले में सात विधानसभा सीट प्रस्तावित की गई हैं। जिसमें मौजूदा पांच विधानसभा के साथ ही 2008 के परिसीमन में समाप्त की गई मासोद विधानसभा को फिर से अस्तित्व में लाने और वर्तमान में



शेष पेज 2 पर..

## यह हो सकती है आरक्षण की स्थिति

केन्द्र सरकार द्वारा 2017 की जनगणना को आधार मानकर परिसीमन आरक्षण और और महिला आरक्षण की बात कहीं जा रही है। साल 2011 की जनगणना के हिसाब से जिले की जनसंख्या 15 लाख 75 हजार 362 थी। जनसंख्या वृद्धि की दर प्रतिवर्ष लगभग 1.29 प्रतिशत मानी गई थी। उस समय जिले में अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या 42.34 फीसदी अनुसूचित जाति की जनसंख्या 10.11 फीसदी थी वहीं ओबीसी और सामान्य सहित अन्य सभी वर्गों की जनसंख्या 47.55 फीसदी थी। इस स्थिति में आरक्षण में जिले की एक विधानसभा अनुसूचित जाति, 2 विस अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित थी वहीं 2 विधानसभा अनारक्षित थी। यदि जिले में परिसीमन के बाद 6 सीटें होती हैं तो एक अनारक्षित विधानसभा बढ़ जाएगी वहीं यदि 7 विधानसभा सीटें होती है तो एक अनुसूचित जनजाति और बढ़कर 3 हो सकती है वहीं अनारक्षित विधानसभा भी 3 हो सकती है। अंतिम निर्णय परिसीमन की अधिकृत घोषणा होने के बाद ही तय होगा।

# नपा कर्मियों के वेतन में नहीं होगी देरी, अवकाश पर प्रतिबंध

- प्रभारी सीएमओ डॉ. अभिजीत सिंह ने किए दो बड़े बदलाव




**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। नगर पालिका बैतूल के प्रभारी सीएमओ डॉ. अभिजीत सिंह ने नपा की वेतन की व्यवस्था बदल दी है। उन्होंने वेतन व्यवस्था में 2 बड़े बदलाव किए हैं। इनमें पहला बदलाव जहां वेतन की फाइल प्रस्तुत करने के तरीके का है वहीं दूसरा बदलाव वेतन की तारीख तय किए जाने का है। इसके अलावा अवकाश पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस संबंध में उन्होंने आदेश भी जारी कर दिए हैं।**

नगर पालिका की 7 शाखाएं हैं। इनमें से हर शाखा में अलग-अलग श्रेणी के कर्मचारियों की वेतन की 3-3 फाइलें बनती हैं। इस तरह वेतन की ही कुल 24 फाइलें बन जाती हैं। इन सभी फाइलों पर सीएमओ को और फिर लेखा अधिकारी को एक-एक कर साइन करना होता है। नई व्यवस्था में ऐसा नहीं होगा।

शेष पेज 2 पर..


## जिले भर के नपाकर्मियों के अवकाश पर लगा प्रतिबंध

बैतूल नगर पालिका के सीएमओ होने के नाते बैतूल एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह जिला शहरी विकास प्राधिकरण (डुडा) के परियोजना अधिकारी भी हैं। उन्होंने सभी नगर पालिकाओं और नगर परिषद के कर्मचारियों के आगामी आदेश तक अवकाश पर प्रतिबंध भी लगा दिया है। आने वाले दिनों में पड़ रहे कई प्रमुख त्योहारों के मद्देनजर उन्होंने अवकाश पर रोक लगाई है।

# शौचालय बना लिए, राशि का हो रहा इंतजार

***बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।*** *स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिले में शौचालय तो बना दिए गए, लेकिन अधिकांश की अभी तक राशि ही नहीं आई है। इस साल जिले को 3150 शौचालयों का लक्ष्य मिला था। यह सभी शौचालय बना लिए है, लेकिन राशि केवल 277 शौचालयों की ही आई है। शेष शौचालयों की राशि अभी तक नहीं आ सकी है। ऐसे में हितग्राहियों द्वारा राशि का इंतजार ही किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि शौचालय निर्माण के लिए सरकार द्वारा 12000 रुपये की राशि उपलब्ध कराई जाती है।*

## कार्टून कोना













# संपादकीय

## सुप्रीम कोर्ट का धर्म-जाति पर फैसला

*सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक अहम फैसले में स्पष्ट कर दिया कि अगर कोई शख्स हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म से बाहर जाकर धर्म परिवर्तन करता है, तो उसे अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जा सकता। आंध्र प्रदेश के एक पादरी से जुड़े मामले में आए फैसले के व्यापक राजनीतिक और सामाजिक मायने हैं। शीर्ष अदालत के फैसले का आधार 1950 है। इस आदेश का क्लॉज 3 कहता है कि हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म को मानने वाले ही एससी श्रेणी में आ सकते हैं। धर्म परिवर्तन और जाति से जुड़ी यह बहस बहुत पुरानी है। इसके दो पहलू हैं। एक, जिन धर्मों में जाति व्यवस्था नहीं है, उन्हें अपनाकर फिर जाति से जुड़े लाभ कैसे लिए जा सकते हैं। पिछले साल दिसंबर में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी सरकार को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया था कि जिन्होंने ईसाई धर्म अपना लिया है, उन्होंने एससी से जुड़े लाभ छोड़ दिए हों। तब हाईकोर्ट ने कहा था कि धर्म परिवर्तन के बाद भी एससी कम्युनिटी को मिलने वाले फायदे लेते रहना संविधान के साथ धोखा है। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के पास इस तरह की कई शिकायतें हैं और उसने पिछले साल देशभर में जांच भी शुरू की थी। कुल मिलाकर मंशा यह है कि संविधान के तहत मिले अधिकार का दुरुपयोग न होने पाए। हालांकि देश में जाति से जुड़ा सवाल बहुत टेढ़ा है। सामाजिक स्तर पर हमेशा से यह बहस का विषय रहा है कि क्या धर्म बदलने भर से जातिगत भेदभाव खत्म हो जाता है? ऐसे मामले सामने आते रहे हैं, जिनमें दलित समुदाय के लोगों को दूसरा धर्म अपनाने के बाद भी भेदभाव का सामना करना पड़ा। पिछले साल मार्च में ही तमिलनाडु के कुछ ईसाई परिवारों, जो पहले दलित थे, ने आरोप लगाया था कि उनके साथ समान व्यवहार नहीं होता। यहां तक कि कब्रिस्तान में उनके लोगों के शवों को दफनाने के लिए भी अलग जगह है।*

## चंडी देवी दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब, 300 मीटर चुनरी अर्पित



**चिचोली (राष्ट्रीय जनादेश)।** चैत्र नवरात्र के अवसर पर प्रसिद्ध चंडी देवी दरबार चिचोली (गोधना) में माता रानी की पूजा-अर्चना का सिलसिला लगातार जारी है। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है और श्रद्धालु बड़ी संख्या में माता के दर्शन कर मनोकामनाएं मांग रहे हैं। सर्व मनोकामना चंडी दरबार में विशेष रूप से रविवार और बुधवार को भक्तों की अधिक भीड़ देखने को मिलती है। दूर-दराज के क्षेत्रों से श्रद्धालु अपनी मुरादें लेकर माता के दरबार पहुंच रहे हैं। बुधवार को गवासेन हर्रई गांव के भक्तों ने अपने गांव से 301 मीटर लंबी चुनरी लेकर पैदल यात्रा निकाली। भक्त भजन-कीर्तन करते हुए चंडी दरबार पहुंचे और माता को चुनरी अर्पित की। भक्त रामबक्श कलाम और करन सिंह चौहान ने बताया कि चैत्र नवरात्र के अवसर पर महिलाएं 51 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर चुनरी लेकर चंडी माता के दरबार पहुंची। इस दौरान पूरे मार्ग में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। मंदिर परिसर में नवरात्र के दौरान विशेष पूजा-अर्चना, आरती और धार्मिक आयोजन हो रहे हैं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। श्रद्धालु माता रानी से सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना कर रहे हैं।

## आठवें चरण में समूह की अलग-अलग शराब दुकानों के भी भर सकते हैं टेंडर

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** शराब दुकानों की नीलामी प्रक्रिया में जिले में अनसोल्ड रही 12 शराब दुकानों के 5 ग्रुप बनाए गए हैं, लेकिन आठवें चरण में इच्छुक ठेकेदार ग्रुप में शामिल अलग-अलग एकल दुकानों के लिए भी टेंडर भर सकते हैं। इसके साथ ही ऑफसेट प्राइस से 15 प्रतिशत कम राशि के ऑफर स्वीकार किए जाएंगे। विभाग के इस निर्णय से अब इच्छुक ठेकेदार किसी एक दुकान के लिए भी टेंडर भरकर ऑफर दे सकते हैं। आठवें चरण की टेंडर प्रक्रिया 25 मार्च से शुरू हो गई है। 27 मार्च को दोपहर 12 बजे तक ई-टेंडर और ई-टेंडर कम ऑक्शन प्रपत्र डाउनलोड कर ऑफर सबमिट किए जा सकते हैं। जिला आबकारी अधिकारी डॉ. अंशमन चढार ने बताया कि आठवें चरण के लिए जिले में अनसोल्ड रही 12 शराब दुकानों को 5 ग्रुपों में शामिल किया गया है। इसमें इच्छुक ठेकेदार ग्रुप के साथ ही ग्रुप में शामिल एकल शराब दुकान के लिए भी टेंडर भरकर ऑफर सबमिट कर सकते हैं।

### इस प्रकार होगा दुकानों का निर्धारण

यदि समूह में कोई ऑफर प्राप्त नहीं होता है, लेकिन समूह की समस्त या आंशिक दुकान पर ऑफर प्राप्त होता है तो जिन दुकानों पर ऑफर आएगा उसे आवंटित कर दिया जाएगा। यदि समूह में ऑफर प्राप्त होता है, लेकिन समूह की समस्त दुकानों में ऑफर नहीं आते हैं तो समूह का ऑफर स्वीकार किया जाएगा। यदि समूह के साथ ही समूह की सभी दुकानों के लिए भी अलग-अलग ऑफर आते हैं तो समूह का ऑफर एवं अलग-अलग ऑफर का योग करके जो भी अधिक राशि होगी, उनको आवंटन किया जाएगा। चौथी स्थिति में यदि समूह के लिए ऑफर प्राप्त होता है और समूह की आंशिक दुकान के लिए ऑफर प्राप्त होता है तो समूह में प्राप्त ऑफर और आंशिक दुकान में प्राप्त ऑफर के योग में जो भी अधिक होगा, उसके आधार पर दुकानों का आवंटन होगा। डॉ. चढार ने बताया कि 27 मार्च को दोपहर 12.05 बजे ई-टेंडर कम ऑक्शन प्रपत्र खोले जाएंगे। इसी दिन शाम 4.30 बजे से ऑक्शन शुरू होगा, जो अंतिम बोली लगने के 15 मिनट बाद तक चलेगा। इसके बाद ई-टेंडर खोले जाएंगे।

### इन दुकानों के लिए होगी टेंडर प्रक्रिया

आठवें चरण में बैतूल गंज ग्रुप के साथ ही बैतूल गंज क्रमांक एक एवं दो, बैतूल बाजार ग्रुप के साथ बैतूलबाजार दुकान क्रमांक एक और दो, आमला क्रमांक एक ग्रुप के साथ आमला क्रमांक एक एवं बोड़खी शराब दुकान, भैंसदेही ग्रुप के साथ ही भैंसदेही क्रमांक एक, भैंसदेही क्रमांक दो और गुदगांव शराब दुकान और बगडोना ग्रुप के साथ ही इस ग्रुप में शामिल सारनी क्रमांक एक, सारणी क्रमांक 2 और बगडोना शराब दुकान के लिए अलग-अलग टेंडर भी जमा किए जा सकते हैं। किसी भी ग्रुप या एकल दुकान में ऑफसेट प्राइस के 85 प्रतिशत से कम के टेंडर स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

### कुल्हाड़ी वापस देने के विवाद पर उतारा था मौत के घाट

# पड़ोसी की हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

**भैंसदेही (राष्ट्रीय जनादेश)। अपर सत्र न्यायालय भैंसदेही ने अपने ही खेत पड़ोसी सीताराम की हत्या करने के आरोपी को धारा 302 में दोषी पाते हुए आजीवन कारावास और 5000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। इस प्रकरण में आरोपी पतिराम पिता बाबू कास्दे (उम्र-55 वर्ष, निवासी- ग्राम पढार, थाना-मोहदा) को सजा सुनाई गई है। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी भैंसदेही मनवीर सिंह ठेनुआ द्वारा किया गया है।**

मामला इस प्रकार है कि मृतक सीताराम के भतीजे भोले ने थाना मोहदा में इस आशय की रिपोर्ट की थी कि वह ग्राम ग्वाडीढाना पढार में अपनी चाची भुनीबाई, चाचा सीताराम व बहन के साथ रहता है। 6 जून 2023 को शाम करीब 5.30 बजे वह गांव से मजदूरी का काम करके घर वापस पहुंचा। उसी समय उसकी चाची भुनीबाई ने उसे बताया था कि वह खाना खा रही थी, तभी चाचा सीताराम का खेत पड़ोसी अभियुक्त पतिराम कास्दे आया और घर के पीछे मंडे के पास आकर सीताराम से जोर जोर से बोल रहा था कि वह उसकी कुल्हाड़ी लेकर आया है, वह वापस कर दे। सीताराम ने उससे कहा कि वह कुल्हाड़ी ढूंढ़कर उसे दे देगा। इसी बात पर पतिराम गाली गलौज कर लड़ाई-झगड़ा करने लगा। झगड़े की आवाज सुनकर वह घर से बाहर निकलकर आई और उसने देखा कि पतिराम, सीताराम के साथ लकड़ी से मारपीट कर रहा था और सीताराम जमीन पर गिर गया था। वह बचाने दौड़ी तो पतिराम उसके घर की तरफ भाग गया। चाचा सीताराम जमीन पर बेसुध पड़ा हुआ था। घर लाने पर कुछ देर बाद सीताराम की मृत्यु हो गई। भोले की सूचना पर थाना मोहदा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की गई। विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। यहां सहायक जिला अभियोजन अधिकारी भैंसदेही मनवीर सिंह ठेनुआ ने न्यायालय के समक्ष अभियोजन मामले को संदेह से परे प्रमाणित किया।

इस पर न्यायालय ने अभियुक्त पतिराम पिता बाबू कास्दे को आजीवन कारावास और 5000 रुपये के अर्थदंड से दण्डित किया है।

## विवाह समारोह में की थी हत्या, दो आरोपियों को उम्र कैद

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** विवाह समारोह में युवतियों पर कमेंट करने के विरोध पर 2 आरोपियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी। इस मामले को चिन्हित एवं जघन्य सनसनीखेज श्रेणी में रखते हुए सुनवाई की गई। इस प्रकरण में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (दिनेश चन्द्र थपलियाल) के न्यायालय द्वारा आरोपी विक्की पिता दिनेश यादव उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम लावण्या तथा देवेन्द्र पिता भरत यादव उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम हाथीकुण्ड थाना शाहपुर को धारा 302, 34 भादंवि के अपराध में दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं 7-7 हजार रुपये के जुर्माने तथा धारा 324, 34 भादंवि में 2 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 3-3 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। प्रकरण में राज्य की ओर से उपनिदेशक अभियोजन राजकुमार उईके एवं सहायक निदेशक अभियोजन एसपी वर्मा द्वारा पैरवी की गई। सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी अजीत सिंह द्वारा पैरवी में विशेष सहयोग प्रदान किया गया। वहीं प्रकरण में अंतिम तर्क सोहनलाल चौरे एडीपीओ द्वारा तैयार किए गए। एडीपीओ अजीत सिंह ने बताया कि 7 मई 2023 को फरियादी मोहन यादव एवं मृतक चंद्रशेखर यादव अपने फूफा दिनेश यादव की लड़की रोशनी के शादी समारोह में शामिल होने अपने परिवार रिश्तेदारों सहित ग्राम हाथीकुण्ड गए थे। विवाह कार्यक्रम के दौरान रात्रि 11:40 बजे सभी लोग दुल्हा-दुल्हन के साथ फोटो खिंचवा रहे थे। फरियादी मोहन अपने भाई चन्द्रशेखर यादव के साथ फोटो खिंचवाने स्टेज पर गया और फोटो खिंचवाने के बाद स्टेज से उतरते समय आरोपी विक्की यादव एवं देवेंद्र यादव के साथ सीढ़ियों पर धक्का-मुक्की हो गई। बाद में वह अपने परिवार के साथ सेल्फी ले रहे थे, तभी विक्की यादव एवं देवेन्द्र यादव आए और उनकी बहनों पर कमेंट करने लगे, जिसका उन्होंने विरोध किया। इस पर आरोपी विक्की यादव ने जान से मारने की नियत से अपने पास रखे चाकू से चंद्रशेखर उर्फ बीरबल के सीने और पसली में 3-4 वार किए। आरोपी देवेन्द्र ने चंद्रशेखर उर्फ बीरबल को पकड़ा था और विक्की उसे चाकू से मार रहा था। मोहन बचाने गया तो देवेन्द्र ने उसे भी पकड़ लिया और विक्की ने उसके सिर पर चाकू मार दिया। जिससे उसके सिर में चोट आई और वह वहीं सिर पकड़ कर बैठ गया। फरियादी मोहन, संजय यादव तथा सुमित यादव, चंद्रशेखर उर्फ बीरबल को ईलाज हेतु पाढर अस्पताल ले गए, जहां ईलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। अनुसंधान के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। अभियोजन द्वारा सशक्त पैरवी करते हुये अभियुक्तों पर अपराध को प्रमाणित किया गया, जिसके परिणामस्वरूप न्यायालय द्वारा दंडित किया गया।

पेज 1 से जारी...

## नवरात्र में भी नहीं...

### दिन भर में हो रही महज इतने पंजीयन

बैतूल के उप पंजीयक राहुल बागड़े बताते हैं कि इस साल 16 मार्च के बाद से रोजाना 40 से 45 दस्तावेजों का पंजीयन ही हो रहा है। इनमें से आधी संख्या ही सेल डीड याने जमीन की खरीद-बिक्री की है। इनसे प्रतिदिन लगभग 30 लाख रुपये की आमदनी विभाग को हो रही है। विभागीय सूत्र बताते हैं कि यह बीते सालों के नवरात्र पर्व और मार्च के आखरी सप्ताह के मुकाबले बेहद कम है। अन्य वर्षों में इन मौकों पर यह स्थिति रहती थी कि सुबह से देर रात तक अधिकारियों-कर्मचारियों को फुर्सत नहीं रहती थी। जबकि इस साल अधिकांश समय खाली बैठे रहना पड़ रहा है।

### जिले की भी ठीक यही है स्थिति

यह स्थिति केवल उप पंजीयक कार्यालय बैतूल की ही नहीं है, बल्कि पूरे जिले की यही स्थिति है। जिले को इस साल 113 करोड़ रुपये का लक्ष्य मिला था। इसके मुकाबले अभी तक 88.26 करोड़ रुपये की आय ही प्राप्त हो सकी है। जिले की स्थिति भी उप पंजीयक कार्यालय की तरह ही है। जिले को दिया गया लक्ष्य भी इस साल पूरा होने की उम्मीद नहीं है। इस साल 21 मार्च तक कुल 17281 दस्तावेजों का पंजीयन हो सका है, जबकि बीते साल 21 मार्च तक 18101 दस्तावेजों का पंजीयन हो चुका था।

### छुट्टियों में भी खुले रखे जा रहे दफ्तर

वित्त वर्ष की समाप्ति के पहले के आखरी दिन होने से विभाग द्वारा छुट्टियों के दिनों में भी जिला पंजीयक और उप पंजीयक कार्यालय खुले रखे जा रहे हैं। इसका उद्देश्य यही है कि छुट्टियों के दिन रजिस्ट्री आदि कराने से वंचित न रहे और विभाग को भी ज्यादा से ज्यादा राजस्व प्राप्त हो सके। हालांकि विभाग की इस कवायद का भी ज्यादा असर नजर नहीं आ रहा है। छुट्टियों के दिन तो और भी कम लोग रजिस्ट्री कराने के लिए पहुंच रहे हैं।

### इन कारणों से नहीं प्रॉपर्टी में रूचि

जानकार सूत्रों का कहना है कि अमेरिका-इजरायल-ईरान के बीच चल रहे युद्ध के कारण लोग भावी स्थितियों को लेकर चिंतित हैं। वे प्रॉपर्टी आदि की खरीदी कर मोटी रकम अपने पास से नहीं जाने देना चाहते हैं। इसके बजाय वे यह राशि अपने पास में ही रखना चाह रहे हैं ताकि भविष्य में कभी जरुरत पड़ी तो वे उनके पास पैसा मौजूद रहे। इसके अलावा सोना-चांदी के बीच में बेतहाशा बढ़े दामों के कारण लोग प्रॉपर्टी के बजाय सोना-चांदी में ज्यादा फायदा देख कर उनकी खरीदी बेहतर समझ रहे हैं।

## आज प्रभार लेंगे...

का प्रभार है। श्री पांडे वर्तमान में संयुक्त संचालक कार्यालय नर्मदापुरम में सहायक संचालक पद पर पदस्थ हैं। उनके पास घोड़ाडोंगरी नगर परिषद के भी प्रभारी सीएमओ हैं। अब उन्हें बैतूल का अतिरिक्त प्रभार भी सौंप दिया गया है। नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। गौरतलब है कि श्री पांडे उत्तरप्रदेश के प्रतापगढ़ के निवासी हैं, लेकिन उनकी हायर सेकेंडरी तक की शिक्षा-दीक्षा बैतूल से ही हुई है। लंबे इंतजार के बाद बैतूल में सीएमओ तो पदस्थ हो गए हैं, लेकिन उन्हें अतिरिक्त प्रभार ही मिला है, वे फुलफ्लैश सीएमओ नहीं हैं।

## कांग्रेस के प्रस्ताव...

घोड़ाड़ोंगरी विधानसभा में आने वाले चिचोली को नए विधानसभा क्षेत्र के रूप में प्रस्तावित किया गया है। जिले में 6 विधानसभा होती है या 7, यह तो परिसीमन के बाद ही तय होगा। विधानसभा का आधार 2011 की जनगणना को माना जा सकता है। जिसके अनुसार जिले में यदि 6 विधानसभा होती है तो अनुसूचित जाति वर्ग के लिए एक, अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए दो सीट आरक्षित हो सकती है वहीं तीन सीट अनारक्षित रहने की उम्मीद है। वहीं यदि जिले में सात विधानसभा बनती है तो अनुसूचित जाति के लिए एक, अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 3 सीटें आरक्षित हो सकती हैं, वहीं 3 सीटें अनारक्षित रहेंगी। 33 प्रतिशत महिला आरक्षण होने की स्थिति में जिले की कोई भी दो विधानसभा सीट महिला के लिए आरक्षित होना तय माना जा रहा है।

### चिचोली-मासोद नई विधानसभा प्रस्तावित

परिसीमन के पूर्व चुनाव आयोग द्वारा सभी प्रमुख राजनैतिक पार्टियों से संभावित परिसीमन बुलाया जाता है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा पालिटिकल मैपिंग परिसीमन के लिए जिले के कांग्रेस नेता मनोज आर्य को प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया हैं। इसके साथ ही कांग्रेस द्वारा संगठन स्तर पर ब्लॉक, उप ब्लॉक और मंडलम स्तर पर पॉलिटिकल मैपिंग करने प्रस्ताव बनाया गया था। चूंकि पूर्व में 2027 की जनगणना को आधार मानकर परिसीमन करने की बात कही जा रही थी और लगभग 2 लाख मतदाताओं (1.80 लाख से 2.20 लाख तक) को एक विधानसभा में रखने की चर्चा थी, जिससे कांग्रेस द्वारा जिले में सात विधानसभा प्रस्तावित की गई थी। जिसमें जिले की वर्तमान 5 विधानसभाओं के साथ ही चिचोली और मासोद के रूप में दो नई विधानसभा प्रस्तावित की गई थी।

### 7 विधानसभा इस प्रकार प्रस्तावित

कांग्रेस द्वारा क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति के आधार पर सात विधानसभाओं का जो खाका प्रस्तावित किया गया है उसमें जिले के 10 में से कोई भी पूरा ब्लॉक किसी एक विधानसभा में नहीं आ रहा है। सभी ब्लॉक में दो या तीन विधानसभा के क्षेत्र आएंगे। सूत्रों के अनुसार प्रस्तावित विधानसभा में घोड़ाडोंगरी विधानसभा से चिचोली ब्लॉक के साथ ही शाहपुर ब्लॉक का लगभग आधा क्षेत्र कट जाएगा वहीं घोड़ाडोंगरी ब्लॉक की भी कुछ पंचायतें हट जाएंगी। वहीं वर्तमान में आमला विधानसभा में शामिल किया जाएगा। चिचोली विधानसभा में माचना नदी के किनारे का क्षेत्र, बैतूल ब्लॉक के खेड़ी के आगे ताप्ती नदी के किनारे का क्षेत्र भीमपुर ब्लॉक का लगभग 20 फीसदी क्षेत्र और हरदा जिले की सीमा तक का क्षेत्र प्रस्तावित किया है। भैंसदेही विधानसभा में भीमपुर ब्लॉक का 80 फीसदी हिस्सा एवं भैंसदेही ब्लॉक का सांवलमेंढा क्षेत्र छोड़कर पूरा ब्लॉक प्रस्तावित है। बैतूल विधानसभा में बैतूल ब्लॉक का डहरगांव तक का क्षेत्र, घोड़ाडोंगरी ब्लॉक का पाढर क्षेत्र, बैतूल नगर पालिका, बैतूलबाजार नगर परिषद सहित बैतूल ब्लॉक की ग्राम पंचायतें प्रस्तावित की गई है। आमला विधानसभा में खेड़लीबाजार तक आमला ब्लॉक का क्षेत्र एवं सारनी नगरपालिका को शामिल करना प्रस्तावित किया है। मुलताई विधानसभा में खेड़ली बाजार के आगे आमला ब्लॉक के गांव आधा पट्टन ब्लॉक, मुलताई नगर पालिका मुलताई ब्लॉक की पंचायतें प्रस्तावित की गई हैं। मासोद विधानसभा में प्रभातपट्टन ब्लॉक का आधा क्षेत्र आठनेर ब्लॉक का हिड़ली-बोरपेंड क्षेत्र और भैंसदेही ब्लॉक के सांवलमेंढा क्षेत्र को प्रस्तावित किया है।

## नपा कर्मियों के ...


एसडीएम और प्रभारी सीएमओ डॉ. अभिजीत सिंह ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अब सभी शाखाओं के लिपिक फाइलें तैयार करके कार्यालय अधीक्षक के पास जमा करेंगे। कार्यालय अधीक्षक द्वारा इन सभी फाइलों को मिलाकर केवल एक फाइल तैयार करके सीएमओ के समक्ष पेश की जाएगी। इस तरह सीएमओ और लेखा अधिकारी को केवल एक ही फाइल पर हस्ताक्षर करने होंगे। इससे हस्ताक्षर करने में समय भी व्यर्थ नहीं जाएगा और सभी शाखाओं का वेतन एक साथ हो जाएगा।

### वेतन की समय सीमा भी कर दी तय

इसके अलावा वेतन के लिए समय सीमा भी तय कर दी गई है। प्रभारी सीएमओ द्वारा जारी आदेश के अनुसार महीना खत्म होने के बाद अगले महीने के पहले ही वर्किंग डे पर वेतन की फाइल हर हाल में तैयार करना होगा। इसके बाद दूसरे वर्किंग डे पर कर्मचारियों के खातों में वेतन पहुंच जाएगा। गौरतलब है कि पिछले कई महीनों से वेतन को लेकर कर्मचारी खासे परेशान चल रहे हैं।

## ग्यारहवीं का 80, नवमीं का 65 फीसदी रहा पाढर स्कूल का रिजल्ट

*पाढर (राष्ट्रीय जनादेश)। पीएमश्री हायर सेकेण्डरी स्कूल पाढर में सोमवार को कक्षा नवमीं और 11वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस साल स्कूल में विगत वर्षों से सबसे बेहतर परीक्षा परिणाम आया है। कक्षा 11वीं में 80 फीसदी विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है वहीं कक्षा 9वीं का परिणाम भी 65 फीसदी रहा है। जो बीते साल के परीक्षा परिणाम से दोगुना से अधिक है। स्कूल के प्राचार्य डीके मानकर ने बेहतर परीक्षा परिणाम आने पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी है। पीएमश्री हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्राचार्य डीके मानकर ने बताया कक्षा नवमी में 228 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे जिसमें से 147 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए है। नवमी का परिणाम 65 फीसदी रहा। नवमी में अंशिका साहू ने 88.67 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, शिवम यादव 81.83 फीसदी अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे। इसी प्रकार कक्षा 11वीं में कुल 185 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी इसमें 147 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए है। कक्षा 11वीं में कृषि संकाय में विशाल वरकड़े ने 88.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अन्य संकायों में णित संकाय में रोशन वरकड़े ने 83.6 फीसदी, जीवविज्ञान संकाय में पूजा कुमरे ने 82.4 फीसदी, कला संकाय में नंदनी परते ने 75.6 फीसदी और वाणिज्य संकाय में आदित्य उईके ने 75.2 फीसदी अंक प्राप्त कर अपने-अपने संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल का रिजल्ट बेहतर आने पर प्राचार्य डीके मानकर सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी है। वहीं असफल रहे विद्यार्थियों को भी भविष्य में कड़ी मेहनत कर सफलता प्राप्त करने की नसीहत दी है।*

जीवेत् शरदः शतम्

सिविल कांट्रेक्टर, युवा कांग्रेस नेता
व्यवहार कुशल, छोटे भाई

सोमेश त्रिवेदी

को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

शुभेच्छु: दैनिक राष्ट्रीय जनादेश, बैतूल



SED/6/0014/2025-0/oZSK-COLL-BTL I/895642/2026

**कार्यालय कलेक्टर (जिला शिक्षा केन्द्र) बैतूल**

पता - संयुक्त कार्यालय भवन द्वितीय तल कक्ष क्र. S-26

Email : zskbetmp@nic.in, zskbetmp@gmail.com Ph. 07141-232449

क्रमांक/जिशिके/जेण्डर/2026/ बैतूल, दिनांक / /2026

**निविदा**

बैतूल जिले में जिला शिक्षा केन्द्र बैतूल अंतर्गत संचालित छात्रावासों में सामग्री क्रय किये जाने हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से निम्नानुसार निविदाएं दिनांक 17.03.2026 से आमंत्रित की जाती है -

1. वाशिंग मशीन बिड क्रमांक GEM/2026/B/7326102

उपरोक्त निविदाओं में आवेदन करने की अंतिम दिनांक 07.04.2026 है। इच्छुक निविदाकार जेम पोर्टल पर ऑनलाईन निविदाओं में भाग ले सकते है। कार्य का विस्तृत विवरण एवं शर्तें जेम पोर्टल पर देखी जा सकती है।

जिला परियोजना समन्वयक
जिला शिक्षा केंद्र, बैतूल

G-27841/25



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन क्रमांक 2 बैतूल**

प्रकरण क्रमांक 0007/अ-82/2025-26

विषय :- सीतलझीरी मध्यम परियोजना हेतु मौजा सेहरा तहसील शाहपुर की भूमि का अर्जन हेतु विषेशज्ञ समिति की राय।

विषयांकित भूमि अर्जन के प्रकरण में निम्नानुसार विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया था-

ए- (तकनिकी विशेषज्ञ)

1/ श्री रोशन कुमार सिंह, कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग क्रमांक-2 बैतूल — अध्यक्ष

बी- (पुनर्व्यवस्थापन संबंधी दो विशेषज्ञ)

2/ श्री भूपेन्द्र सूर्यवंशी, अनुविभागीय अधिकारी, जल संसाधन उप संभाग बैतूल — सदस्य

3/ उपयंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उप संभाग बैतूल,

सी- (दो गैर सरकारी सामाजिक विज्ञानी)

4/ श्री हंसराज धुर्वे शिक्षित एवं समाजसेवी निवासी बैतूल — सदस्य

5/ श्री कांतिलाल यादव शिक्षित एवं समाजसेवी बैतूल,

डी-(ग्राम पंचायत के दो प्रतिनिधि) — सदस्य

6/ सरपंच, ग्राम पंचायत सेहरा — सदस्य

7/ उपसरपंच ग्राम पंचायत, सेहरा — सदस्य

सदस्य, उपरोक्त विशेषज्ञ समिति को सीतलझीरी मध्यम परियोजना के भू-अर्जन प्रकरण में पूर्व से सामाजिक सामाघात निर्धारण समिति द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसकी प्रति विशेषज्ञ समिति क नामांकित सदस्यों को प्रदाय की गई।

अध्यक्ष, कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग क्रमांक 2 बैतूल द्वारा समिति के सदस्यों कि बैठक बुलाई जाकर भूमि के अर्जन के संबंध में भू-अर्जन की प्रक्रिया एवं योजना से संबंधित अन्य आवश्यक जानकारी एवं प्रभावित परिवारों के व्यवस्थापन के संबंध में तथा योजना से संबंधित लाभ की समस्त जानकारियों से अवगत कराया गया, जिसके आधार पर विशेषज्ञ समिति द्वारा निम्नानुसार निर्णय लिया गया :-

(1) प्रभावित भूमि के अर्जन से लोक प्रयोजन पूरा होता है।
(2) प्रभावित भूमि के अर्जन के कोई परिवार विस्थापित नहीं हो रहा है।
(3) प्रभावित भूमि के अर्जन हेतु विधिनुसार एवं निर्देशों के तहत मुआवजा दिया जा रहा है।
(4) आवश्यकतानुसार भूमि का ही अर्जन किया जा रहा है।
(5) इस परियोजना के लिए शासकीय सभी मापदण्डों के अनुसार यही भूमि अर्जन हेतु उपयुक्त पाई गई जिसके कारण भूमि अर्जन के प्रस्ताव पेश किए गए है।
(6) जिस भूमि का अर्जन प्रस्तावित किया गया है, समग्र खर्च की तुलना में परियोजना से फायदे अधिक है। सभी मापदण्ड के आधार पर अध्ययन किया जाकर परियोजना निर्माण हेतु भूमि का अर्जन उपयुक्त है।
(7) पर्यावरण पर कोई विपरित असर नहीं पडेगा। क्षेत्र में जलस्तर की मात्रा अधिक होने के साथ वृक्षारोपण में अधिक मात्रा में किया जाकर वृक्षों को पर्याप्त पानी उपलब्ध होने की प्रबल संभावना है।
(8) क्षेत्र के पशु पक्षियों को वर्ष भर सुगमता से पानी प्राप्त होते रहेगा एवं उनके चारे आदि व्यवस्था भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो सकेगी।

शिक्षित एवं समाजसेवी — कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग क्र-2 बैतूल

सरपंच एवं उपसरपंच ग्राम पंचायत सेहरा — उपयंत्री ग्रा.या.सेवा बैतूल — अ.वि.अ. उप संभाग जल संसाधन बैतूल

G-27815/25



**प्लाट बेचना है**

पुरानी बैतूलबाजार रोड पर, ब्रम्हकुमारी आश्रम के सामने स्थित सतपुड़ा विहार कालोनी में हुंडई वर्कशॉप के सामने स्थित पूर्व मुखी और पश्चिम मुखी 1200-1200 वर्गफीट साइज के 2 प्लाट बेचना है। 0504

:: संपर्क करे :: 9425693399

**प्लाट बेचना है**

प्राईम लोकेशन में स्थित बैतूल गौठाना में, बैतूल टाऊन फेस 1 में मेन रोड टच 25×50 = 1250 वर्गफुट का प्लाट बेचना है

संपर्क करे : 9424042239

**मकान किराए से देना है**

बिजली ऑफिस के पास चिचोली में स्थित सर्वसुविधायुक्त मकान किराए से देना है 2803

संपर्क करे : 8269999919




## मंडी भाव, कृषि उपज मंडी, बैतूल

दिनांक : 24.03.2026

| जिंस का नाम | आवक | न्यूनतम | उच्चतम | प्रचलित |
|---|---|---|---|---|
| सोयाबीन पीला | 1903 | 4500 | 5650 | 5150 |
| चना | 42 | 4401 | 5376 | 5200 |
| मक्का | 15871 | 1401 | 1910 | 1750 |
| गेहूं | 4300 | 2100 | 2354 | 2275 |
| सरसों | 180 | 5625 | 7075 | 5900 |
| तुअर | 7 | 6501 | 7001 | 6501 |
| मसूर | --- | --- | --- | --- |
| मूंग | --- | --- | --- | --- |
| उड़द | --- | --- | --- | --- |
| गुल्ली | --- | --- | --- | --- |
| बटना | --- | --- | --- | --- |
| योग | 22303 | | | |

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मयूर भार्गव द्वारा मुद्रक डीबी कॉर्प लिमि. फौजदार गैरेज, पवारखेड़ा इटारसी रोड, होशंगाबाद से मुद्रित और प्रधान कार्यालय सिविल लाइन, बैतूल से प्रकाशित। संपादक-मयूर भार्गव। समस्त दीवानी, फौजदारी एवं न्यायिक कार्यवाही के लिए क्षेत्राधिकारी बैतूल न्यायालय ही होगा। प्रधान कार्यालय-917141355484

## खबर एक नजर

### रामनवमी और महावीर जयंती पर बंद रहेंगी मांस-मटन दुकानें

**सारनी (राष्ट्रीय जनादेश)।** रामनवमी पर्व एवं महावीर जयंती को नगर पालिका क्षेत्र की सभी मांस, मटन, मछली दुकानें बंद रहेंगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार शुक्रवार 27 मार्च को रामनवमी पर्व एवं मंगलवार 31 मार्च को महावीर जयंती होने से सभी प्रकार से पशुवध गृह, मांस, मटन, चिकन एवं मछली का क्रय एवं विक्रय पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। उक्त आदेश की अवहेलना किए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं दुकानदार की रहेगी।

### आज भंडारा प्रसादी के साथ होगा भागवत कथा का समापन

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** शहर के टिकारी क्षेत्र में महावीर वार्ड स्थित महाकाली ग्राउंड के पास इन दिनों संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। यह कथा सुनने के लिए रोजाना भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। आयोजक सुनिता-राजेश मालवी (एडवोकेट) द्वारा यह आयोजन कराया जा रहा है। भागवत कथा राष्ट्रीय भागवत प्रवक्ता पं. विनोद जी शास्त्री (उज्जैन) द्वारा प्रस्तुत की जा रही है। भागवत कथा का शुभारंभ 20 मार्च को सुबह 8 बजे कलश यात्रा के साथ हुआ। यहां प्रतिदिन सुबह 8 से 11 बजे तक संस्कृत पाठ और कथा प्रवचन प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक हो रहे हैं। कथा का समापन 26 मार्च को होगा। इसके बाद भंडारा प्रसादी का आयोजन होगा। आयोजक सुनिता मालवी एवं राजेश मालवी ने अधिक से अधिक संख्या में कथा सुनने और भंडारा प्रसादी में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आह्वान किया है।

### 151 कुंडीय विश्व शांति वैदिक महायज्ञ का हुआ आयोजन



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** विवेकानंद वार्ड स्थित ग्रीन सिटी माचना घाट के मां माचना मंदिर में विहंगम योग संत समाज द्वारा 151 कुंडीय विश्व शांति वैदिक महायज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर से बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी माता-बहनें और श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान पुण्य संत प्रवर विज्ञानदेव महाराज के दर्शन लाभ प्राप्त किए गए और उनके मंत्रोच्चार के साथ हजारों श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुति दी। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। आयोजनकर्ताओं के अनुसार ऐसे धार्मिक और योग आधारित कार्यक्रम समाज में मानव स्वभाव और मनोचेतना के स्तर पर सकारात्मक बदलाव लाने के साथ धर्म और योग के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं। कार्यक्रम में मां माचना समिति के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। आयोजन के पश्चात सभी भक्तों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की।

### अयोध्यावासी वैश्य समाज निकालेगा शोभायात्रा

**शाहपुर (राष्ट्रीय जनादेश)।** नगर का अयोध्या वासी वैश्य समाज द्वारा प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी मर्यादा पुरषोत्तम भगवान राघवेंद्र सरकार के जन्म उत्सव रामनवमी पर शुक्रवार को नगर में विशाल शोभायात्रा निकाली जाएंगी। रामनवमी पर निकलने वाली विशाल शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर श्री राम मंदिर समिति अध्यक्ष रोशन गुप्ता ने बताया कि समाज का यहां लगातार ग्यारहवां वर्ष है जहां शोभायात्रा आयोजित की जा रही है। नगर के श्री राम मंदिर में भगवान राम के जन्म उत्सव और शोभायात्रा को और भव्य बनने कि तैयारियों को लेकर बैठक में मंथन किया गया है। शोभायात्रा निकालने को लेकर रूपरेखा भी तैयार कि गई जिसमें आगामी दिन शु' वार को रामनवमी पर्व पर श्री राम मंदिर से शाम तीन बजे शोभायात्रा प्रारंभ होगी जो नगर के मुख्य मार्ग होती हुई नगर के विजय भवन प्रांगण पहुंचेगी। जहां श्री राम चरित मानस का पूजन किया जायेगा हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जाएगा। उसके बाद महाआरती स्वरुचि भोज के बाद रैली का विश्राम किया जाएगा। शोभायात्रा में आयोजन समिति ने ज्यादा से ज्यादा धर्मप्रेमी राम भक्तों को उपस्थित होने को कहा गया है।

# 32 लोगों पर शासकीय कार्य में बाधा का मामला दर्ज

**▪ सीमांकन टीम पर ग्रामीणों ने किया जानलेवा हमला ▪ एसपी वीरेंद्र जैन ने मासोद पुलिस चौकी प्रभारी को किया लाइन अटैच**



**मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)। सीमांकन के दौरान पुलिस एवं प्रशासन टीम पर खेड़ी रामोसी में मंगलवार दोपहर में ग्रामीणों ने पथराव कर दिया जिसमें टीम के साथ गए भाजयुमो जिलाध्यक्ष भास्कर मगरदे एवं उप निरीक्षक आर एस राजपूत को गंभीर चोटें आई है। वहीं भास्कर के साथी चेतन अमरूते सहित कोटवार मनोज नागले, प्रधान आरक्षक सोनू ठाकुर, आरक्षक सौरभ कुशवाह एवं कमलसिंह घायल हुए हैं।**

इस मामले में पुलिस ने 22 नामजद तथा 10 अन्य ग्रामीणों पर थाना मुलताई में अपराध क्रमांक 174/26 धारा 191(2), 191(3), 190, 132, 121(2), 109(1), 304(2), 296(2), 351(3) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर जानलेवा हमला, शासकीय कार्य में बाधा, लोक सेवकों को चोट पहुंचाना तथा जान से मारने की धमकी देने सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। इधर घटना के बाद मासोद चौकी प्रभार आर एस राजपूत को लाईन अटैच कर दिया गया है जिनकी जगह उप निरीक्षक अमित पंवार को पदस्थ किया गया है। पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश की जा रही है जिसकी बुधवार तक कोई गिरफ्तारी नही हुई है। थाना प्रभारी नरेन्द्र सिंह परिहार ने बताया कि आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

थाना प्रभारी परिहार ने बताया कि बलवाईयों ने सुनियोजित तरीके से पुलिस एवं प्रशासन की टीम पर पत्थरों सहित फावड़ा, सब्बल, हार्सपाईप से हमला किया। अचानक हुए हमले से पुलिस प्रशासन की टीम सकते में आग गई जिसमें सभी को भागकर जान बचाना पड़ा। उन्होंने बताया कि हमले में जहां पुलिसकर्मी घायल हुए वहीं राजस्व निरीक्षक सीपी पाल, पटवारी संदीप बोरबन, दिलीप करोचे, रविन्द्र कनौजिया, धीरज खैरिया आदि ने भागकर जान बचाई। उन्होंने बताया कि हमलावर अक्रामक थे तथा पास से पथराव कर रहे थे जिसके कारण उप निरीक्षक आरएस राजपूत तथा भाजयुमो जिलाध्यक्ष भास्कर मगरदे को गंभीर चोटें आई है।

शिकायत कर्ता आरएस राजपूत की शिकायत के अनुसार खेड़ी रामोसी में भास्कर मगरदे की मां चंद्रकला मगरदे के नाम 16 एकड़ जमीन का सीमांकन किया जा रहा था। इसी दौरान दिलीप उईके तथा उसके परिवार के सदस्यों सहित साथियों ने सीमांकन में बाधा उत्पन्न करते हुए पथराव कर दिया। छीना झपटी में उप निरीक्षक राजपूत का मोबाईल भी छीन लिया गया। शिकायत के अनुसार राजपूत के सिर, पैर में गंभीर चोट आई है वहीं भास्कर मगरदे की नाक पर गंभीर चोट है। इधर कोटवार मनोज नागले के पैर, प्रधान आरक्षक सोनू ठाकुर की पीठ तथा सौरभ कुशवाह के हाथ में चोट आई है जिसके आधार पर पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज किया गया है।

एसपी वीरेंद्र जैन ने बताया कि उक्त घटना में प्रथम दृष्टया उप निरीक्षक रणधीर सिंह राजपूत, चौकी प्रभारी मासोद द्वारा घटना का समुचित आकलन नहीं करना एवं आवश्यक बल/बलवा ड्रिल सामग्री के साथ मौके पर उपस्थित नहीं होना पाए जाने पर उन्हें तत्काल रक्षित केंद्र बैतूल संबद्ध किया गया है तथा उनके विरुद्ध स्पष्टीकरण जारी किया गया है।

थाना प्रभारी नरेन्द्र सिंह परिहार ने बताया कि पुलिस तथा प्रशासन के नुमाईदों पर हमला एक गंभीर घटना है जिसमें 32 लोगों पर प्रकरण दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद अधिकांश आरोपी फरार हो गए हैं जिनकी सघनता से तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# कक्षा 9 वीं में फेल हो गए आधे बच्चे

**▪ सांदिपनी स्कूल के परीक्षा परिणाम से पालकों में रोष**

**आमला (राष्ट्रीय जनादेश)।** शासन ने ब्लॉक मुख्यालय पर करोड़ों रुपए खर्च कर बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए सांदीपनि स्कूल का निर्माण कराया है। अभिभावक भी इस उम्मीद में बच्चों का दाखिला कराते हैं कि यहां निजी स्कूलों जैसी सुविधाएं मिलेंगी। शिक्षा विभाग भी हर साल लाखों रुपए का बजट स्कूल को देता है, लेकिन परीक्षा परिणाम के मामले में स्कूल फिसड्डी साबित हुआ है। सोमवार को घोषित हुए 9 वीं और 11 वीं के परीक्षा परिणाम ने स्कूल की शिक्षा व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है।




### 168 में से सिर्फ 84 पास

स्कूल का परीक्षा परिणाम बेहद निराशाजनक रहा है। कक्षा 9 वीं में कुल 168 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे, जिनमें से केवल 84 विद्यार्थी ही पास हो सके। यानी स्कूल के आधे बच्चे फेल हो गए और परिणाम मात्र 49 प्रतिशत रहा। इस खराब प्रदर्शन को लेकर अभिभावकों में भारी नाराजगी है। उनका कहना है कि सरकारी पैसा खर्च होने के बाद भी बच्चों का भविष्य अंधकार में है।

### 11 वीं की स्थिति भी चिंताजनक

यही हाल कक्षा 11वीं का भी रहा। यहाँ 174 बच्चों ने परीक्षा दी थी, जिसमें से केवल 111 छात्र ही उत्तीर्ण हो पाए। 11वीं का परीक्षा परिणाम 64 प्रतिशत रहा, जिसे किसी भी स्तर पर संतोषजनक नहीं माना जा सकता। करोड़ों की बिल्डिंग और तमाम सुविधाओं के बावजूद इस तरह का नतीजा प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा रहा है।

### शैक्षिणक स्तर की खुली पोल

हैरानी की बात यह है कि स्कूल में संसाधनों या शिक्षकों की कोई कमी नहीं है। यहाँ हर विषय के विशेषज्ञ शिक्षक तैनात हैं और सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके बावजूद परीक्षा परिणाम निजी स्कूलों की तुलना में बेहद खराब रहा। पालकों का आरोप है कि स्कूल में पढ़ाई की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसका खामियाजा बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। इतना खराब परिणाम आने के बाद अब स्कूल प्रबंधन अपने बचाव में बहानेबाजी कर रहा है। प्राचार्य का तर्क है कि इस वर्ष बोर्ड ने परीक्षा के पैटर्न में बदलाव किया है। नए नियमों के अनुसार, परीक्षार्थियों को सभी 6 विषयों में पास होना अनिवार्य कर दिया गया है, इसी वजह से परीक्षा परिणाम प्रभावित हुआ है। हालांकि, अभिभावक इस तर्क से संतुष्ट नहीं हैं।

**इनका कहना...**

अनुत्तीर्ण हुए बच्चों को एक मौका और दिया जाएगा, जिसमें वे मेहनत कर पास हो सकते हैं। इस वर्ष परीक्षा पैटर्न बदलने और 6 विषयों में पास होने की अनिवार्यता के कारण परिणाम प्रभावित हुआ है।

**-राजेश खैरवाल, प्राचार्य, सांदीपनि स्कूल, आमला।**

# जनपद पंचायत के नए भवन का भूमिपूजन आज

**▪ 5.25 करोड़ रुपए की लागत से होगा निर्माण**

*__मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)।__ तहसील मुख्यालय पर संचालित जनपद पंचायत कार्यालय के लिए नए भवन निर्माण की दिशा में आज महत्वपूर्ण कदम उठाया जाएगा। नगर के समीप ग्राम पंचायत कामथ की सीमा क्षेत्र में स्थित भूमि पर गुरुवार शाम 4 बजे विधिवत भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कामथ स्थित नवल सामुदायिक भवन के पास रिक्त भूमि पर अतिरिक्त स्टांप शुल्क मद अंतर्गत लगभग 5 करोड़ 25 लाख 67 हजार रुपए की लागत से आधुनिक सुविधाओं से युक्त नवीन जनपद पंचायत भवन का निर्माण किया जाएगा।*

*जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी.एस. मसराम ने बताया कि इस नए भवन के निर्माण से जनपद कार्यालय की कार्यप्रणाली अधिक व्यवस्थित और सुगम हो सकेगी, जिससे आम नागरिकों को भी बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री डीडी उईके, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, विधायक चंद्रशेखर देशमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गढ़ेकर, जनपद पंचायत अध्यक्ष नन्हीबाई पीरथीलाल डहारे, जिला पंचायत सदस्य कंचन कासलेकर, जनपद सदस्य अंजना जीवन डोंगरदिए सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।*

# श्रीराम मंदिर में धूमधाम से मनाया जाएगा प्रभु का जन्मोत्सव

**▪ नगर में धूमधाम से निकाली जाएगी झांकी**

**शाहपुर (राष्ट्रीय जनादेश)।** नगर के श्रीराम मंदिर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामचन्द्र का जन्मोत्सव बड़ी श्रद्धा और भक्ति के साथ धूमधाम से शुक्रवार को दोपहर 12 बजे मनाया जायेगा। पंडित सुरेश परसाई अनुसार हिंदू वर्ष चैत्र मास में शुक्रवार को नवमी के दिन सनातनियों की आस्था के केन्द्र भगवान राघवेंद्र सरकार का जन्म जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाऐगा। शुक्रवार को मनायें जाने वाले प्रभु श्रीराम जन्मोत्सव के पहले ही नगर को भगवा तोरणों और पातकाओं से सजाया गया हैं। घरों-घर भगवा ध्वज लगाए हैं।

### प्रसादी का होगा वितरण

इस बार नगर सहित ब्लाक के गांवों में रामनवमी पर प्रभु श्रीरामजी



का जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाऐगा। इस वर्ष रामनवमी दो दिन मनाई जा रही हैं कई लोग गुरुवार को नवमी तिथि पड़ने के चलते गुरुवार को राम नवमी मना रहे है। शुक्रवार श्री राम मंदिर में सुबह भजन कीर्तनों के साथ रामधुन का गायन होगा ठीक दोपहर 12 बजे राम जन्मोत्सव मनाया जाकर आरती पूजन प्रसादी वितरण होगा।

### निकाली जाएगी झांकी

इसके बाद शाम को ही श्रीराम मंदिर से राम-लक्ष्मण-भरत-शत्रुघ्न के साथ हनुमान के बाल स्वरूप में बच्चों की सुन्दर झांकी बनाकर उन्हें रथ में बिठाकर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जो नगर के मुख्य मार्गों से होकर पुनः श्री राम मंदिर पहुंचेगी। यहां श्रीराम परिवार की आरती पश्चात प्रसादी का वितरण किया जायेगा।

# बडोरा मंडी में होगी सरसों की भावांतर में खरीदी

**▪ उप मंडियों को किया गया बाहर किसान होगा परेशान**

*__शाहपुर (राष्ट्रीय जनादेश)।__ इस वर्ष सरसों की खरीदी को लेकर किसानों में असंतोष बढ़ता नजर आ रहा है। सरसो की खरीदी मुख्य मंडी बैतूल में किए जाने की खबर निकलकर आ रही है, उप मंडियों में भावांतर योजना के तहत सरसों की खरीदी नहीं होगी। इस फैसले से दूरदराज क्षेत्रों के किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।*

### किसानों को होगा अनावश्यक खर्च

*किसान पूर्व मंडल अध्यक्ष मनीष कुमरे का कहना है कि मुख्य मंडी तक सरसों लेकर पहुंचना किसानों लिए महंगा और समय लेने वाला साबित होगा। परिवहन खर्च बढ़ने के कारण कई किसान अपनी उपज स्थानीय व्यापारियों को कम दामों में बेचने के लिए मजबूर हो सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों ने बताया कि उप मंडियों में खरीदी नहीं होने से उन्हें उचित मूल्य मिलने की संभावना कम हो गई है।*

### किसानों में चिंता व्याप्त

*इससे न केवल उनकी आय प्रभावित होगी, बल्कि आर्थिक दबाव भी बढ़ेगा। किसान संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि उप मंडियों में भी सरसों की खरीदी शुरू की जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके और उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य प्राप्त हो सके।फिलहाल इस निर्णय के चलते क्षेत्र के किसानों में चिंता और असंतोष का माहौल बना हुआ है।*

# एचपीवी वैक्सीन के प्रति दो स्कूलों में किया जागरूक

**▪ एक दिन में 45 बेटियों का किया गया वैक्सीनेशन**

**बैतूल(राष्ट्रीय जनादेश)। एचपीवी वैक्सीनेशन को लेकर बेटियों और उनके अभिभावकों में बनी भ्रम की स्थिति को दूर करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जागरूकता के साथ वैक्सीनेशन ड्राइव शुरू किया है। बुधवार को बैतूल शहर के दो प्राइवेट स्कूलों में एचपीवी वैक्सीनेशन और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। एक दिन में 14 साल से15 साल तक की 45 बेटियों को एचपीवी वैक्सीन लगी।**

### अभिभावकों को भी दी जानकारी

शहर के आरडी पब्लिक स्कूल में स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती ऋतु खंडेलवाल के मार्गदर्शन में आयोजित एचपीवी वैक्सीनेशन ड्राइव की इंचार्ज और सिकल सेल उन्मूलन कार्यक्रम की जिला नोडल



अधिकारी एवं बल्ड बैंक ऑफिसर पैथोलॉजिस्ट डॉ. अंकिता सीते ने बच्चियों और उनके अभिभावकों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया। इस दौरान आरडी पब्लिक स्कूल में 37 बेटियों को और डॉन बॉस्को स्कूल में आठ बेटियों को वैक्सीन लगाई गई।

### पूरी तरह सुरक्षित है वैक्सीन

डॉ. अंकिता सीते ने काउंसलिंग करते हुए स्पष्ट किया कि एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है और इसका इन्फर्टिलिटी (बांझपन) से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने बताया कि यह वैक्सीन डीपीटी और हेपेटाइटिस बी जैसे सामान्य टीकों की तरह ही जरूरी सुरक्षा प्रदान करती है और बेटियों को भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस दौरान डॉ सीते अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए बताया कि मैंने स्वयं वर्ष 2011 में एचपीवी वैक्सीन लगवाई थी, जब यह इतना सामान्य नहीं था। आज मैं पूरी तरह स्वस्थ हूं और पूरे विश्वास के साथ कह सकती हूं कि यह वैक्सीन सुरक्षित और प्रभावी है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों पर विश्वास न करें और स्वास्थ्य से जुड़ी सही जानकारी केवल विशेषज्ञ डॉक्टरों से ही प्राप्त करें।

### बेटियों को जरूर लगवाएं वैक्सीन

डॉ. अंकिता सीते लगातार जागरूकता अभियानों के माध्यम से समाज में महिलाओं और बेटियों के स्वास्थ्य को लेकर सकारात्मक संदेश दे रही हैं और सुरक्षित भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान निभा रही हैं। उन्होंने यह संदेश भी दिया कि अपनी बेटी के स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य के लिए सही समय पर एचपीवी वैक्सीनेशन जरूर करवाएं। इस मौके पर आरडी पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल हेमंत मेहर और अन्य स्टाफ मौजूद था।

वैक्सीनेशन करवाने में टीकारकरण टीम में निगरानी चिकित्सा दल में डॉ. रत्नेश खाड़े एवं डॉ मनीषा वर्मा, अर्बन एपीएम प्रकाश माकोड़े सदस्यों में श्रीमती शिखा पवार, श्रीमती सुनीता सोनारे, सुश्री पूनम डोंगरे,श्रीमती रोशनी पाठेंकर, श्रीमती मोना पवार, अजय पवार, श्रीमती नीलिमा सुने, श्रीमती हेमा सोलंकी, बिनक पवार श्रीमती कविता खपरिये, श्रीमती ओम प्रभा यादव, योगेश पवार, अफरोज खान, सुखदेव यादव, प्रियांशु राठौर और शामिल थे।

# सानिध्य शुक्ला का सुयश



*__शाहपुर (राष्ट्रीय जनादेश)।__ क्षेत्र के सक्रिय पत्रकार सचिन पिंकू शुक्ला एव श्रीमती साधना शुक्ला के होनहार सुपुत्र चि. सानिध्य शुक्ला ने कक्षा 8 वीं की वार्षिक परीक्षा में 82.14 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार एवं क्षेत्र में खुशी का माहौल है।*

*सानिध्य की इस सफलता पर उनके परिजनों, शिक्षकों एवं मित्रों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। शिक्षकों का कहना है कि सानिध्य शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और मेहनती छात्र रहे हैं, जिसका परिणाम आज सामने आया है। सानिध्य ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया है। उनकी इस उपलब्धि से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी।*

### सामूहिक वंदे मातरम गायन और सम्मान समारोह आज

*__बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।__ वंदे मातरम-150 वर्ष अभियान के अंतर्गत 26 मार्च को कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में प्रातः 10:30 बजे सामूहिक वंदे मातरम गायन एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कार्यक्रम की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।*

# रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जांच करेगी नपा

*बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। शहर में नए बने मकानों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाए गए हैं या नहीं, नगर पालिका द्वारा इसकी जांच कराई जाएगी। जांच के दौरान यदि किसी घर में यह सिस्टम नहीं पाया जाता है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि भवन निर्माण अनुज्ञा इसी शर्त पर दी जाती है कि वे रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाएंगे। इसके साथ ही आवेदक से 10 हजार रुपये की सिक्योरिटी भी जमा कराई जाती है। आवेदक जब भवन निर्माण में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाए जाने का प्रमाण दे देता है तो फिर यह राशि उन्हें वापस कर दी जाती है। शहर में स्थिति यह है कि कई लोग यह सिस्टम बनाते ही नहीं है और कर्मचारियों की मिलीभगत से राशि भी वापस ले लेते हैं। वहीं कुछ लोग यह सिस्टम भी नहीं बनाते और 10 हजार रुपये की सिक्योरिटी भी वापस नहीं ले जाते हैं। इन्हीं कारणों से वर्षा जल का संचयन जितना होना है, उतना हो नहीं पाता। इसे देखते हुए प्रभारी सीएमओ डॉ. अभिजीत सिंह ने घरों का निरीक्षण कर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बने हैं या नहीं, इसकी जांच करने को कहा है। उल्लेखनीय है कि शहर में हर साल करीब 300 मकानों के निर्माण के लिए अनुज्ञा ली जाती है। हालांकि इनमें से कुछ लोग अनुज्ञा तो ले लेते हैं, लेकिन निर्माण नहीं करते।*

# हेलमेट नहीं लगाने वाले सरकारी कर्मचारियों के बनाए चालान

- 14 सरकारी कर्मचारियों से वसूला 4200 रुपये समन शुल्क

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। कलेक्टर-एसपी के आदेश के बाद भी हेलमेट नहीं लगाने वाले शासकीय कर्मचारियों पर यातायात पुलिस ने चालानी कार्यवाही कर समन शुल्क वसूल किया है। बुधवार को कलेक्टर-एसपी ने स्वयं जांच की और बिना हेलमेट के पाए जाने पर 14 सरकारी कर्मचारियों से 4200 रुपए समन शुल्क वसूल किया गया।**



कलेक्ट्रेट परिसर में डिप्टी कलेक्टर तृप्ति पटेरिया, कोतवाली थाना प्रभारी देवकरण डहरिया और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने जांच की। अभियान के दौरान अधिकांश कर्मचारी हेलमेट पहने मिले। हालांकि, नियमों का उल्लंघन करने वाले 8 कर्मचारियों पर प्रति व्यक्ति 300 रुपये के हिसाब से कुल 2400 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसी तरह, एसपी कार्यालय में भी हेलमेट जांच अभियान चलाया गया। यहां एसपी वीरेंद्र जैन और एएसपी कमला जोशी की निगरानी में पुलिस कर्मियों और कार्यालय आने-जाने वाले कर्मचारियों के हेलमेट की जांच हुई। ट्रैफिक अमला और गंज थाना टीआई नीरज पाल भी मौके पर मौजूद रहे।

एसपी कार्यालय में 6 कर्मचारियों के चालान बनाकर कुल 1800 रुपये की कार्रवाई की गई। इस प्रकार, दोनों स्थानों पर कुल 14 कर्मचारियों के खिलाफ चालानी कार्रवाई कर जुर्माना वसूला गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का पालन नहीं करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर ने पूर्व में ही निर्देश जारी किए थे कि सभी शासकीय कर्मचारी कार्यालय आते समय दोपहिया वाहन चलाते हुए हेलमेट और चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। इसका उद्देश्य सड़क हादसों में कमी लाना है।

# नाबालिग बालिका के दुष्कर्मी को 10 साल की सजा

- आरोपी को सहयोग करने वाली महिला को भी किया दंडित

*बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। अनन्य विशेष न्यायालय, (पॉक्सो एक्ट) 2012 बैतूल (म.प्र.) ने नाबालिग बालिका को भगाकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी अलकेश उर्फ मोदी पिता इमरत उइके (21) निवासी चिचोली को धारा 376 भादवि समाविष्ट धारा 3/4 पॉक्सो एक्ट में जहां न्यायालय ने 10 साल की सजा से दंडित किया है। वहीं नाबालिग बालिका को भगाने में आरोपी की मदद करने वाली महिला आरोपी को भी न्यायालय ने 5 साल की सजा से दंडित किया है। इसके साथ ही कुल 10,500 रू. के जुर्माने से दंडित किया गया। प्रकरण में म.प्र. शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक श्रीमती वंदना शिवहरे द्वारा पैरवी की गई।*

*प्रकरण के विषय में लोक अभियोजक ने बताया कि 22 जनवरी 2024 को पीड़िता के पिता ने थाना शाहपुर में रिपोर्ट लेख करायी कि उसकी अवयस्क पुत्री पीड़िता एवं उसका पुत्र शाहपुर के होस्टल में रहकर पढ़ाई करते थे। 21 जनवरी 2024 को उसकी पुत्री एवं पुत्र घर से सुबह 10:00 बजे होस्टल जाने के लिए निकले थे, किंतु पीड़िता होस्टल नहीं पहुंची, केवल उसका पुत्र होस्टल पहुंचा था, जिसे आरोपी अलकेश ने मोटरसायकल से होस्टल पहुचाया था, बाद में पता चला की पीड़िता को आरोपीगण अलकेश एवं सलोनी अपने साथ ले गये। पीड़िता के मिलने के उपरांत पीड़िता द्वारा बताया गया कि आरोपी अलकेश एवं सलोनी के द्वारा उसे बहला-फुसलाकर उसे एक बर्थडे पार्टी में जाने का बोलकर शाहपुर से बैतूल ले आये थे। बैतूल में आरोपी अलकेश ने उसके साथ जबरदस्ती गलत काम किया, आरोपिया सलोनी ने पीड़िता से उसकी मर्जी से चले जाने संबंधी लेटर पीड़िता पिता को लिखवाया उसके बाद दिनांक 21 जनवरी 2024 की रात्रि में आरोपीगण अलकेष व सलोनी, सलोनी के रूम से पीड़िता को रेल्वे स्टेषन बैतूल ले गये, जहां से अलकेष ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी देकर सिंकदराबाद ले गया, जहां से पुलिस आरोपी अलकेश एवं पीड़िता को लेकर बैतूल आयी थी। प्रकरण में अन्य आवष्यक अनुसंधान पूर्ण कर विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय बैतूल म.प्र. के समक्ष विचारण हेतु प्रस्तुत किया गया। न्यायालय के समक्ष विचारण के दौरान अभियोजन ने अपना मामला युक्तियुक्त संदेह से परे प्रमाणित किया, जिसके आधार पर माननीय न्यायालय द्वारा आरोपीगण को दोषसिद्ध पाकर उपरोक्त दण्ड से दंडित किया गया।*

# जिले में 26 अप्रैल से 5 मई तक होंगे मुख्यमंत्री कन्या विवाह के आयोजन

- नगरीय निकायों तथा जनपद पंचायतों अधिकारियों को दिए निर्देश

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** जिले के नगरीय निकायों तथा जनपद पंचायतों में अलग-अलग तिथियों में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/ निकाह योजना का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने नगरी निकायों तथा जनपद पंचायतों के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत बैतूल में 26 अप्रैल 2026 को मुख्यमंत्री कन्या विवाह/ निकाह का आयोजन होगा। इसमें जनपद पंचायत बैतूल, आठनेर, आमला और नगर पालिका बैतूल, बैतूल बाजार, आठनेर, आमला सम्मिलित होगी। इसी प्रकार जनपद पंचायत भीमपुर में 29 अप्रैल को मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह का आयोजन होगा। जिसमें जनपद पंचायत भैंसदेही, भीमपुर और नगर परिषद भैंसदेही सम्मिलित होगी। जनपद पंचायत घोड़ाडोंगरी में 30 अप्रैल को मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह का आयोजन होगा। जिसमें जनपद पंचायत घोड़ाडोंगरी, शाहपुर, चिचोली और नगर परिषद घोड़ाडोंगरी, शाहपुर, चिचोली, सारणी सम्मिलित होगी। इसके अलावा जनपद पंचायत मुलताई में 5 मई को मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह का आयोजन होगा। जिसमें जनपद पंचायत प्रभात पट्टन मुलताई और नगर पालिका मुलताई सम्मिलित होगी।

# जंगल में छिपाई थी चोरी की 10 मोटरसायकल

- मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**भैंसदेही (राष्ट्रीय जनादेश)।** पुलिस ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करते हुए मोटर साइकिल चोरी के बड़े मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने जंगल में छिपाई 5.30 लाख रुपये कीमत की 10 मोटर साइकिलें जब्त की है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है जबकि एक फरार है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।



पुलिस ने बताया कि 24-25 मार्च की दरम्यानी रात मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति चोरी की मोटर साइकिल से भीकुंड रोड पर घूम रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा बताए गए हुलिए के आधार पर संदिग्ध व्यक्ति को मोटर साइकिल सहित पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अजल उर्फ शेख अरसद पिता शेख इकबाल, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम बैरागढ़ थाना धारणी (महाराष्ट्र), हाल भैंसदेही बताया। आरोपी के कब्जे से बरामद मोटर साइकिल चोरी की पाई गई, जिसे उसने महाराष्ट्र के बैरागढ़ क्षेत्र से गोलू उर्फ अनिल नामक व्यक्ति से लेना बताया।

## जंगल में छिपा रखी थी चोरी की बाइक

सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने अन्य चोरी की मोटर साइकिलें गुप्तवाड़ा के जंगल में छिपाकर रखना स्वीकार किया। पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर कुल 9 अन्य मोटर साइकिलें बरामद की गईं। थाना भैंसदेही में इस संबंध में धारा 35(1)(ई) बीएनएसएस एवं 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस मामले में एक अन्य आरोपी गोलू उर्फ अनिल फरार है।

# बोलेरो का चारों पहिए हुए ऊपर

- बाइक सवार महिला-बच्चा हुए घायल

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। रानीपुर रोड पर एक बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट गई। बोलेरो के चारों पहिए ऊपर हो गए। इस दुर्घटना में बाइक सवार महिला और बच्चा घायल हुए है। वहीं बोलेरो के चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। बाइक सवार गौठाना के निवासी है। वहीं बोलेरो हनुमान डोल से आ रही थी।**



## बोलेरो में सवार थे तीन लोग

जानकारी के अनुसार, दुर्घटना बैतूल-सारणी स्टेट हाईवे पर कमानी गेट से आगे पेट्रोल पंप के पास हुई। बोलेरो वाहन (क्रमांक एमपी 48 बीसी 2902) अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया और इस दौरान एक बाइक को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पेट्रोल पंप के सामने अचानक ब्रेक लगाने के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिससे हादसा हुआ। बोलेरो में तीन युवक सवार थे, जो हनुमान डोल से लौट रहे थे।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों नारायण कापसे पिता नंदलाल कापसे (35) निवासी गौठाना बैतूल, पूजा कापसे पति नारायण कापसे (25), बेटा अर्थव पिता नारायण कापसे (3) को अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने चालक जीतू परते को हिरासत में लेकर कोतवाली थाने पहुंचाया है, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। बताया गया है कि वाहन पर 'वन सुरक्षा, मध्यप्रदेश शासन' की प्लेट लगी हुई थी और वह वन विभाग में पदस्थ किसी परते वनकर्मी की बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# रामनवमी पर दादा नाम जाप एवं भण्डारा- प्रसादी 27 मार्च को



**श्री सांई नवरात्र उत्सव समिति, एक्सेस बैंक के पास, बैतूल द्वारा प्रतिवर्ष श्रीराम नवमी/ दुर्गा नवमी के अवसर पर चैत्र नवरात्र में दादा नाम एवं भण्डारे का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी श्रीरामनवमी / दुर्गा नवमी के अवसर पर समिति द्वारा श्री धुनीवाले दादाजी महाराज का दादा नाम जाप, आरती- पूजन 27 मार्च, शुक्रवार को दोपहर 3.30 बजे से शाम 6.30 बजे तक किया जाएगा। इसके उपरांत शाम 7 बजे भगवान श्रीराम की महाआरती और दादाजी धुनीवाले की आरती के पश्चात भगवान को भोग समर्पित होगा।**

*27 मार्च को शाम 7 बजे से भण्डारा प्रसादी का आयोजन एक्सेस बैंक के बाजू में, कालेज रोड, सिविल लाइन, बैतूल में रखा गया है। समिति ने सभी भक्तजनों से भण्डारा प्रसादी गृहण करने की अपील की है।*

नोट : इसे ही व्यक्तिगत निमंत्रण समझकर पधारने का कष्ट करें।

**निवेदक : सांई नवरात्र उत्सव समिति एवं समस्त दादा परिवार, बैतूल**


## फर्नीचर बेचना हैं



- एक लकड़ी का टेबल
- लकड़ी की 6 कुर्सी
- लोहे का डबल डेकर पलंग (हेवी)
- गोदरेज जैसी लोहे की 5 फीट वाली 3 अलमारी
- लकड़ी का बॉक्स वाला डबल बेड और एक दीवान

संपर्क करें : 9425002232







## कांतिशिवा मल्टीप्लेक्स बैतूल में




ONLINE BOOKMYSHOW
Paytm Booking No. 07141-355800
टिकिट बुकिंग के लिए संपर्क करें: 07141-355800

## आग से स्प्रिंकलर पाइप और फसल जली



*भैंसदेही (राष्ट्रीय जनादेश)। अज्ञात कारणों से चिलकापुर गुदगांव निवासी आशीष पिता पंढरी मस्की के खेत में आग लग गई। इस आगजनी में किसान के खेत में खड़ी फसल सहित स्प्रिंकल पाइप जल गये। सूचना मिलते ही नप की दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस आगजनी में पीड़ित किसान को हजारों रूपये का नुकसान होने की बात कही जा रही है। किसान ने बताया कि आग कैसे लगी, इसकी जानकारी नहीं है। जैसे ही धुंआ उठने लगा, आसपास के किसानों ने मौके पर पहुंचकर आग को काबू करने का प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। जिसके बाद दमकल वाहन ने आग पर काबू किया।*

## श्रीराम मंदिर के सामने बनाई आकर्षक पेंटिंग

*आठनेर (राष्ट्रीय जनादेश)। नगर में इन दिनों भक्ति मय हो गया है इसी के तहत नगर वासी भगवान श्री राम का जन्मोत्सव मनाने की तैयारी धूमधाम से कर रहे हैं। नगरवासी स्वयं रामनवमी का इंतजार कर रहे हैं। इसी को देखते हुए राम मंदिर परिसर के सामने से विभिन्न कलाकृतियों का अनूठा दृश्य देखने को मिल रहा है। मूल निवासियों ने अपने-अपने घरों के सामने सुंदर मनमोहक फूल मोर बेल बूटे बनाए हैं और सुंदर कलर पेंट से उन्हें साज सज्जाकर भगवान राम की रामनवमी मनाने के लिए सभी लोग आतुर दिखाई दे रहे हैं। जो भगवान राम के मंदिर के सामने से कलाकृतियों का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है लोग इस सुंदर कलाकृति को देखने आ रहे हैं इस पूरी कलाकृति की डिजाइनिंग आयुषी सोनी और अंबिका आवठे द्वारा डिजाइनिंग की गई है जो देखते ही मन को मोह रही है और इस पूरे डिजाइनिंग में कलर एवं सहयोग किया है जिसमें श्रीमती दिव्या आवठे, श्रीमती सीमा सोनी, श्रीमती रिंकी मुलिक, कृष्णा आवठे, रुधिमा आवठे, भूमिका मुलिक, भुवनेश्वरी खंडागले, हार्दिक मुलिक, शुभम मुलिक, श्रीमती प्रणिता लौकरे, राधा मुलिक पलक आवठे का विशेष सहयोग रहा है।*



## अर्जीवाले हनुमान मंदिर में 9 दिवसीय महोत्सव आज से

- श्री राम कथा, प्राण प्रतिष्ठ और हनुमान जन्मोत्सव का होगा आयोजन

*बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। मोती वार्ड स्थित श्री अर्जीवाले हनुमान मंदिर में स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर 26 मार्च से 3 अप्रैल 2026 तक 9 दिवसीय संत समागम एवं सनातन धर्म सभा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम न्यू बैतूल ग्राउंड के सामने रॉय साहब के बगीचे में आयोजित होगा। मंदिर समिति द्वारा आयोजित इस महोत्सव में श्रीराम कथा, सियारामजी एवं लक्ष्मणजी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा और श्री हनुमान जन्मोत्सव शामिल हैं।*

### कलश यात्रा से शुरू होंगे आयोजन

*26 मार्च गुरुवार को दुर्गाष्टमी के अवसर पर शाम 5 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। 27 मार्च से प्रतिदिन दोपहर 3:30 से शाम 7 बजे तक श्रीराम कथा का वाचन होगा, जिसका समापन 3 अप्रैल को होगा। कथा व्यास महंत जगन्नाथ पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर 1008 राघवदासजी महाराज, प्राचीन जगन्नाथ मंदिर सेवा ट्रस्ट अयोध्या धाम द्वारा कथा सुनाई जाएगी। कथा का सीधा प्रसारण यूट्यूब चैनल जेपी अयोध्या पर भी होगा।*

### प्रतिमाओं की होगी प्राण प्रतिष्ठा

*सियारामजी एवं लक्ष्मणजी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के अंतर्गत 27 मार्च से यज्ञ पूजन प्रतिदिन सुबह 7 से दोपहर 12 बजे तक होगा, जिसमें यज्ञाचार्य गोविंद जी महाराज बैतूल रहेंगे। 2 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव पर सुबह 4 बजे अभिषेक, 5 बजे हवन, 6 बजे आरती एवं जन्मोत्सव तथा शाम 7 बजे महाआरती होगी। 3 अप्रैल को महाप्रसादी वितरण एवं विशाल भंडारे के साथ महोत्सव का समापन होगा। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।*

### श्री हनुमत कथा महोत्सव षष्ठम दिवस

# विभीषण का कल्याण हनुमान से ही है संभव : पं. शुक्ल

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। हमारी इच्छाओं का समूह ही लंका नगर है जहां कामनाओं की भरमार है। इसका राजा रावण है जो कि मूर्ति मान मोह है, रावण को दस सिर हैं याने दशों दिशाओं में जितना भी भोग सुलभ है सब इसे चाहिए जिसे भोगों से संतुष्टि न हो दसों इंद्रियों से जो निरंतर भोग पाना चाहता है वही दशानन है। इस लंका नगर में भक्त विभीषण का निवास होता है। विभीषण की समस्या यह है कि वो नाम तो राम का लेते हैं किन्तु सेवा रावण की करते हैं। उन्होंने रावण को अपना भाई मानकर उसके कल्याण को ही अपना कर्तव्य मान लिया है। हनुमान जी विभीषण को लंका से निकाल कर रामादल में लाना चाहते हैं सीता खोज तो एक बहाना है वस्तुत: खोजना तो विभीषण को है।**





### लंका में भजन करते थे विभीषण

नौ दिवसीय श्री हनुमत कथा महोत्सव के छठें दिवस की कथा में मानस महारथी पं निर्मल कुमार शुक्ल जी ने उक्त उद्गार व्यक्त किए। आपने कहा भगवान श्री राम विभीषण के लंका में रहते हुए रावण को नहीं मार सकते क्योंकि जिस पर एक भजनानंदी संत का वरद हस्त हो उसे मारना बहुत कठिन होता है। हस्तिनापुर में जब तक संत विदुर जी बैठ कर भजन करते रहेंगे तब तक दुर्योधन अजेय बना रहेगा इसीलिए भगवान श्रीकृष्ण स्वयं दूत बनकर हस्तिनापुर गये दुर्योधन का निमंत्रण ठुकरा कर विदुर के घर भोजन करके दुर्योधन और विदुर में भेद उत्पन्न करा दिया। परिणाम स्वरूप दुर्योधन ने अपमानित करके विदुर जी को घर से बाहर भगा दिया भागवत में वर्णन है जब विदुर जी गये तो अपने साथ कौरवों का पुण्य भी लेते गये और दुर्योधन के विनाश का शुभारंभ हो गया। उसी प्रकार विभीषण जब तक लंका में बैठकर भजन करते रहेंगे तब तक लंका निवासी अजेय बने रहेंगे क्योंकि भगवान का नियम है।

### भक्तों की करते हैं रक्षा

प्रणत कुटुम्ब पाल रघुराई। भगवान अपने भक्तों के सारे परिवार की रक्षा करते हैं। न मे भक्तः प्रणस्यति। अर्थात मेरे भक्त और उसके परिवार का नाश नहीं होता। हनुमान जी ने लंका जाकर विभीषण को समझाया कि तुम रावण याने मोह के भाई नहीं हो जीव के सच्चे भाई तो भगवान हैं इसीलिए उन्हें दीन बंधु कहा जाता है। विभीषण को संकोच है कि मैं राक्षस वंश में उत्पन्न हुआ राम मुझे कैसे स्वीकार करेंगे तो हनुमान ने अपना उदाहरण दिया कि आप तो पुलस्त्य ऋषि के नाती हैं मेरी ओर देखो मैं जाति का वानर जो जन्मजात चंचल होता है।

अशुभ इतना कि सबेरे सबेरे अगर कोई मेरा नाम ले ले तो दिन भर उसे भोजन न मिले। प्रात लेइ जो नाम हमारा। तेहि दिन ताहि न मिले आहारा। किंतु इतने अधम को भी भगवान ने अपने ह्रदय से लगाकर अपना बना लिया।आप राम का नाम तो लेते हैं लेकिन काम रावण का करते हैं बस विभीषण का मनोबल बढ़ गया।

### लंका जली पर झोपड़ी नहीं

उधर जब रावण ने हनुमान को मारने का आदेश दिया तो विभीषण ने कहा नीति विरोध न मारिय दूता। और हनुमान की रक्षा कर लिया हनुमानजी ने भी सारी लंका तो जला दिया पर विभीषण की झोपड़ी नहीं जलाए। रावण को लगा कि विभीषण ने वानर का प्राण बचाया वानर ने उसका मकान बचा लिया बस भेद पैदा हो गया। जब विभीषण ने सीता वापस करने का हठ किया तो रावण ने चरण प्रहार करके उसे घर से बाहर निकाल दिया। उसी समय रावण के सर्वनाश का आरंभ हो गया। रावण जबहिं विभीषण त्यागा।भयउ विभव बिन तबहिं अभागा। क्यूं हीन भये सब तबहीं। बस लंका की दुर्गति प्रारंभ हो गई। यह कथा गंगा 27 मार्च तक दोपहर 3 से 6 बजे तक प्रवाहित होगी। संगीता अवस्थी, राजेश अवस्थी, प्रमोद अवस्थी और शोभित अवस्थी ने सभी क्षेत्रीय श्रद्धालु जनों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर कथामृत पान करने का आग्रह किया है।

## अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष नियुक्त होने पर किशोर बरदे का किया स्वागत



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार ने अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्षो की घोषणा कि है। घोषित अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष के दायित्व पर सारनी नपाध्यक्ष किशोर बरदे को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिला मीडिया सेंटर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार अजामोर्चा जिलाध्यक्ष का दायित्व मिलने पर किशोर बरदे का जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में जिला पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पहार पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत कर बधाई दी एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार प्रेषित किया है।

इस अवसर जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार, विधायक चंद्रशेखर देशमुख, जिला उपाध्यक्ष इंद्रपाल पुण्डे, जिला महामंत्री कृष्णा गायकी, जिला कोषाध्यक्ष दीपक सलूजा, सह कार्यालय मंत्री सुधा चंद्रा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष महेश्वर सिंह चंदेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, शिवदयाल आजाद, राजेश पाठक, मून्ना मानकर, भोजराज साबले, प्रवीण वराठे, सतीश साहू, प्रमेश राजपुत, पर्वतराव धोटे, रवि हिराणी, गोलू बारस्कर, भुषण चौधरी सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता व पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## समर कैंप में बच्चों ने सीखे ट्रैफिक नियम और क्राफ्ट

- पढ़ाई के साथ हुनर निखारने महावीर इंटरनेशनल ने किया आयोजन

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** महावीर इंटरनेशनल संकल्प बैतूल एवं महावीर इंटरनेशनल सृजन बैतूल द्वारा आयोजित समर कैंप का शुभारंभ सुभाष स्कूल बैतूल में उत्साह और उमंग के साथ हुआ। यह शिविर 23 मार्च से 29 मार्च तक प्रतिदिन दोपहर 2 से 5 बजे तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें कक्षा 5वीं से 8वीं तक के बच्चे बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत सह जिला शिक्षा अधिकारी एवं विद्यालय के प्राध्यापक की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन और प्रार्थना के साथ हुई। इसके बाद अतिथियों और प्राध्यापकों का स्वागत किया गया। वीरा जूली और वीरा नीता ने समर कैंप की गतिविधियों और उद्देश्य की जानकारी दी, जबकि वीरा रक्षा और वीरा आरजू ने बच्चों को कैंप का महत्व बताया। अंत में वीरा करुणा ने आभार व्यक्त किया।



**पहले दिन कराया योग :** पहले दिन बच्चों के लिए योग और प्राणायाम कराया गया। इसके बाद पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया और डांस गतिविधि में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ट्रैफिक ऑफिसर ने बच्चों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी देकर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। वीरा मुस्कान और वीरा हिमांशी ने वाटर दीया और क्राफ्ट सिखाया, जिसमें बच्चों ने अपनी रचनात्मकता दिखाई। इसके बाद कराटे प्रशिक्षण भी दिया गया।

**बच्चों को दी भेल और शरबत :** समापन पर वीरा जल्पा और वीरा श्वेता जैन ने बच्चों को भेल, शरबत और उपहार वितरित किए। इस अवसर पर वीरा सरला तातेड, वीरा अंशु पगारिया, वीरा मंगला गोठी, वीरा अर्चना अग्रवाल सहित सभी वीरा सदस्यों की उपस्थिति और सहयोग से कार्यक्रम सफल रहा। आयोजकों ने सभी सहयोगियों का आभार जताते हुए बताया कि आगामी दिनों में भी इसी तरह की प्रेरणादायी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

## व्यापारी संघ राम नवमी पर करेगा भण्डारा



**मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)।** श्रीराम नवमी पर गुरूवार को नगर के फव्वारा चौक पर व्यापारी संघ द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। व्यापारी राजेश अग्रवाल, आकाश देशमुख ने बताया कि समस्त व्यापारियों के सहयोग से पावन पर्व रामनवमी पर दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन फव्वारा चौक पर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भंडारे की लगभग समस्त तैयारियां प्रारंभहो चुकी है तथ दोपहर 12 बजे श्रीराम जन्मोत्सव होते ही भंडारा प्रसादी का वितरण प्रारंभ कर दिया जाएगा। व्यापारी संघ ने नगर सहित पूरे क्षेत्र के लोगों से भंडारा प्रसादी ग्रहण करने की अपील की गई है।

### रामसत्ता सहित होंगे विविध आयोजन

## घोघरा में आज शुरू होगा रामनवमी मेला

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** विकासखंड भीमपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत चोहटा पोपटी के ग्राम घोघरा स्थित ताप्ती घाट पर चैत्र रामनवमी का भव्य मेला आज से शुरू होगा। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

### आज रात से होगी रामसत्ता

कार्यक्रम के तहत आज 26 मार्च की रात्रि 10 बजे से रामसत्ता एवं रात्रिकालीन खेल गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जो देर रात तक चलेंगे। इसके बाद 27 मार्च की सुबह 8 बजे से पारंपरिक मेले का शुभारंभ होगा, जिसमें आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों सहित दूर-दराज से श्रद्धालु शामिल होंगे।

### हर वर्ष होते हैं आयोजन

ताप्ती घाट घोघरा जिले का प्रमुख धार्मिक स्थल है, जहां रामनवमी पर हर वर्ष विशेष आयोजन होते हैं। बड़ी भीड़ को ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायत चोहटा पोपटी ने पुलिस अधीक्षक बैतूल को आवेदन देकर मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि आयोजन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।

# यह पूरा वर्ष किसान कल्याण को समर्पित : सुधाकर पंवार

- किसान मोर्चा ने उन्नतशील किसानों का किया सम्मान




**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिला भाजपा किसान मोर्चा ने सेवा सप्ताह के तहत बुधवार को कृषि उपज मंडी समिति बडोरा में उन्नतशील किसानो का सम्मान कर किसानो से चर्चा की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कहा कि मध्यप्रदेश की मोहन सरकार इस वर्ष को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रही है। जिसमें सिंचाई ,सोलर पंम्प और दुग्ध उत्पादन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। श्री पवांर ने कहा कि लगातार रासायनिक खादों के इस्तेमाल से बचते हुए जैविक खेती का प्रयोग करना चाहिए हमारे जिले के किसान अब अलग अलग फसलों के उत्पादन करते हुए खेती को लाभ का धंधा बना रहे है।

इस अवसर पर मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने कहा कि किसान मोर्चा का सेवा सप्ताह अभियान गरमी को देखते हुए किसानो के लिए सेवा का अद्वितीय अभियान है। कल ठंडे पेयजल के लिए प्याउ की शुरूवात बडोरा कृषि उपज मंडी में किसान मोर्चा द्वारा की गई। आज हमारे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव के जन्मदिन पर उन्नतशील किसानो का सम्मान करना मुख्यमंत्री जी को सच्ची शुभकामना है। मुख्यमंत्री जी ने किसान कल्याण को प्राथमिकता में रखा है। इस तरह के अभियान से किसानो को योजनाओं की जानकारी और पंजीकरण का सही लाभ मिलता है। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री अशोक पानसे ने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा से ही किसानो की हितैषी रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत प्रदेश के किसानो को दोहरा लाभ मोहन यादव की सरकार पहुंचा रही है।

### किसानों का किया सम्मान

वहीं भावांतर और गेंहू के समर्थन मूल्य पर अतिरिक्त बोनस किसानो के लिए राहत की खबर है। इस दौरान किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष महेश्वर सिंह चंदेल ने कहा कि किसान मोर्चा 23 मार्च से जिले की सभी कृषि उपज मंडियों में सेवा सप्ताह के दौरान विशेष अभियान चला रहा है। इसी कड़ी में आज उन्नतशील किसानो का सम्मान किया गया। आने वाले दिनो में स्वास्थ्य शिविर और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के लिए शिविरों का भी आयोजन भी किया जाएगा। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष इंद्रपाल पुण्डे, जिला सह कोषाध्यक्ष कमलेश राठौर ,जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजेश पप्पू शुक्ला, पवन राठौर, राजीव मिश्रा सहित बडी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों का होगा निराकरण

- शिकायत निवारण फोरम प्रत्येक सप्ताह करेगा सुनवाई

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कार्यक्षेत्र बैतूल जिले में विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित और संतुष्टिपूर्ण निराकरण के लिए अब प्रत्येक सप्ताह विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। कंपनी के सभी संचारण/ संधारण एवं शहर वृत्त स्तर पर गठित विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं की विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 126, 135 तथा 138 को छोकर शेष शिकायतें जैसे विद्युत बिल से संबंधित, मीटर से संबंधित, नवीन कनेक्शन में विलंब, विद्युत आपूर्ति में व्यवधान, वोल्टेज से संबंधित, लोडशेडिंग/ अधिसूचित विद्युत कटौती, सुरक्षा निधि पर ब्याज अदायगी इत्यादि बिजली संबंधी शिकायतों की सुनवाई कर त्वरित निराकरण किया जाएगा। फोरम के आदेश अनुसार गठित की गई सात सदस्यी फोरम में उपभोक्ताओं की विभिन्न विद्युत संबंधी समस्याओं को सुना जाएगा तथा निर्धारण अधिकारी द्वारा समीक्षा उपरांत समिति द्वारा लिए गए निर्णय के आधार पर समस्या का अंतिम निराकरण किया जाएगा।

बैतूल वृत सभाकक्ष में 25 मार्च को प्रथम बैठक आयोजित की गई। जिसमें गठित समिति के अध्यक्ष, सदस्य एवं भारतीय किसान संघ प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य श्री पुरुषोत्तम सरले उपस्थित हुए। फोरम में कुल 05 आवेदन दर्ज कर उनके त्वरित निराकरण की कार्यवाही की गई। बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपनी बिजली संबंधित शिकायतों को संबंधित वृत्त में प्रति सप्ताह आयोजित होने वाली विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की बैतूल वृत सभाकक्ष में प्रस्तुत कर निराकरण कराए।

### सांदिपनी स्कूल बैतूलबाजार में प्रवेश प्रारंभ

**बैतूल(राष्ट्रीय जनादेश)।** शासकीय सांदिपनी कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैतूल बाजार में 25 मार्च से कक्षा पहली से 8 वीं तक प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय से आवेदन प्राप्त कर जमा करने की अंतिम तिथि 30 मार्च तक निर्धारित है। इच्छुक उम्मीदवार कार्यालयीन समय में आवेदन प्राप्त कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। प्रवेश के लिए शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

## कमिश्नर ने कलेक्ट्रेट में ई-ऑफिस एवं न्यायालयीन प्रकरणों का किया निरीक्षण

- संपूर्ण कलेक्ट्रेट की आवक-जावक प्रक्रिया सेंट्रालाइज्ड करने के दिए निर्देश



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय का निरीक्षण कर ई-ऑफिस प्रणाली के संचालन, स्थापना शाखा तथा कलेक्टर एवं अपर कलेक्टर न्यायालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सर्वप्रथम ई-ऑफिस प्रणाली में आवक-जावक प्रक्रिया का निरीक्षण करते हुए संबंधित कर्मचारियों की दक्षता परखी। उन्होंने निर्देश दिए कि संपूर्ण कलेक्ट्रेट की आवक-जावक प्रक्रिया सेंट्रलाइज्ड हो तथा पत्र मार्किंग के लिए कलेक्टर और अपर कलेक्टर ही दो स्तर निर्धारित रहें। उन्होंने ई-ऑफिस प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने तथा कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण देकर उन्हें कुशल बनाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि कोई भी पत्र लंबित न रहे और संबंधित शाखा प्रभारी समय-समय पर निरीक्षण सुनिश्चित करें।

### रोस्टर अनुसार करें कार्य

इसके पश्चात संभागायुक्त ने स्थापना शाखा का निरीक्षण करते हुए कर्मचारियों के समयमान वेतनमान, विभागीय जांच, न्यायालयीन प्रकरण, स्वेच्छानुदान, सेवा पुस्तिका एवं हिट-एंड-रन प्रकरणों की समीक्षा की। टेबल निरीक्षण रोस्टर अनुरूप नहीं पाए जाने पर उन्होंने संबंधित शाखा प्रभारी को निर्धारित रोस्टर के अनुसार अनिवार्य रूप से टेबल निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि न्यायालयीन प्रकरणों की निरन्तर समीक्षा कर गंभीरतापूर्वक निराकरण कराएं। जवाब दावे समय पर प्रस्तुत किए जाएं।

### समय सीमा में करें प्रकरणों का निराकरण

स्थापना शाखा में भी उन्होंने रैंडम रूप से ई-ऑफिस के क्रियान्वयन की स्थिति देखी तथा शाखा लिपिक और शाखा प्रभारी को नस्तियों पर अनिवार्य रूप से डिजिटल हस्ताक्षर करने के निर्देश दिए। इसके बाद संभागायुक्त श्री तिवारी ने कलेक्टर एवं अपर कलेक्टर न्यायालय में आरसीएमएस में दर्ज प्रकरणों के निराकरण की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि सुनिश्चित करें सभी प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, उपायुक्त श्री दिवाकर नारायण पटेल, अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याएं

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। जिला मुख्यालय पर मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर ने आम बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में प्रातः 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, भूमि विवाद, पेंशन, आवास, बिजली, पानी सहित अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुई। इस दौरान कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कई प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर मौके पर ही निराकरण कराया, वहीं शेष मामलों में समय-सीमा तय करते हुए अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।**



## अवैध कब्जा हटाने के निर्देश

जनसुनवाई में भीमपुर निवासी आशुतोष मालवीय ने कृषि भूमि पर अवैध कब्जा के संबंध में शिकायत आवेदन के माध्यम से की। आवेदक की समस्या को ध्यान पूर्वक सुन कलेक्टर ने भीमपुर तहसीलदार को आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 120 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बीपीएल कार्ड बनाए जाने के दिए निर्देश

जनसुनवाई में मुलताई निवासी संतोष बारंगे ने बीपीएल कार्ड बनाए जाने के लिए आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। हमलापुर निवासी बलवंत पवार की जमीन की खसरा संबंधि शिकायत पर कलेक्टर ने बैतूल तहसीलदार को तत्काल प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। बडोरा भीमनगर निवासी पुष्पा रावत ने धोखाधड़ी की शिकायत करते हुए कृषि भूमि वापस दिलाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित एसडीओ को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए।

## अवैध कब्जा हटाने के दिए निर्देश

जनसुनवाई में घोड़ाडोंगरी तहसील के ग्राम लखीपुर निवासी दिव्यांग सुलता राय का आधार कार्ड नहीं बनने की समस्या पर कलेक्टर ने उप संचालक सामाजिक न्याय और ई गवर्नेंस प्रबंधक को शीघ्र आवेदक की समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। ग्राम खाप खातेडा निवासी शांता गव्हाड़े ने आमला तहसीलदार के आदेश का अनावेदक से पालन कराए जाने और अवैध कब्जा हटाने के संबंध में आवेदन दिया।

प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने एसडीएम आमला को आवेदक की समस्या का निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। प्रभातपट्टन ब्लॉक के ग्राम सावंगी निवासी कृष्णा बेले के जॉब कार्ड अपडेट करने के आवेदन पर कलेक्टर ने जनपद सीईओ प्रभात पट्टन को जांच कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

# माँ तुलजा भवानी का मनाया स्थापना दिवस

■ हवन पूजन, भजन कीर्तन कर किया भंडारा



*__मुलताई(राष्ट्रीय जनादेश)।__ पवित्र नगरी मुलताई मे खरसाली रोड पर स्थित मां तुलजा भवानी मंदिर परिसर मे मंगलवार को मातारानी का स्थापना दिवस आस्था एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।इस अवसर बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं द्वारा मन्दिर पहुंचकर मां तुलजा भवानी की पूजा अर्चना कर मातारानी कि आराधना की। गौरतलब है कि मां तुलजा भवानी क्षत्रिय मराठा समाज समिति द्वारा प्रतिवर्ष मां तुळजा भवानी माता मंदिर का स्थापना दिवस मनाया जाता है। इसी क्रम मे मंगलवार को मां भवानी का मंदिर आकर्षक रूप से सजाया गया। इस अवसर पर सुबह 10 बजे से वैदिक विधि विधान से हवन पूजन कर महाआरती की गई। जिसके बाद दिन भर भजन कीर्तन किया गया।वहीं महिलाओ द्वारा आकर्षक गरबा की प्रस्तुति दी गई। जिसके बाद भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया। जिसमे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की।वहीं रात्रि मे भजन संध्या मे स्थानीय कलाकारों द्वारा भजनो की शानदार प्रस्तुति दी। जिसमे बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के आयोजन मे समिति के वामन जगताप, पंजाबराव मराठा, नागोराव जगताप, सुनील वानखेड़े, महादेव राउत, सोनू जाधव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।*

# टीबी मुक्त भारत अभियान का किया शुभारंभ



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** जिला चिकित्सालय में 24 मार्च 2026 को विश्व क्षय दिवस मनाया गया। प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रंजीत राठौर सर्जीकल विशेषज्ञ ने बताया कि मंगलवा से टीबी मुक्त भारत 100 दिवसीय अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान के अंतर्गत घनी आबादी, झुग्गी झोपड़ियों, निर्माण स्थल, परिवहन केन्द्र, औदयोगिक क्षेत्र एवं प्रवासी श्रमिक समूह, बेघर आश्रय स्थल आदि स्थलों पर टीबी स्क्रीनिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि हमें प्रारंभिक अवस्था में ही टीबी के मरीज को खोजना है, ताकि मरीज को आसानी से ठीक किया जा सके। उन्होंने कहा कि यदि टीबी का मरीज बीच में ही दवाई खाना छोड़ देता है, हमे उसे पूरी दवाई खाने के लिए प्रेरित करना होगा।

## 222 पंचायत को हुई टीबी मुक्त

नोडल अधिकारी क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम डॉ. श्रेयस ठाकुर ने बताया कि टीबी मुक्त भारत अभियान 100 दिवसीय अभियान में टीबी स्क्रीनिंग के साथ-साथ रक्त, शुगर के साथ अन्य जांच भी की जाएगी, टीबी को खत्म करना संभव है, संदिग्ध मरीज की समय पर जांच हो। जिले में अभी तक 222 पंचायत को टीबी मुक्त पंचायत किया है, हमारा लक्ष्य है कि हम जिले की सभी पंचायतों को टीबी मुक्त बनायेंगे। अभियान अंतर्गत जनजागरूकता, अभियान चलाकर टीबी के लक्षणों, उपचार की जानकारी, निक्षय पोषण योजना, फूड बास्केट की जानकारी, ग्राम पंचायत, आशा कार्यकर्ता, स्व सहायता समूह के माध्यम से सामुदायिक बैठकों का आयोजन कर समुदाय तक पहुंचायेंगे, ताकि शत प्रतिशत लोगों की टीबी स्क्रीन की जा सके। इस वर्ष की थीम टीबी को खत्म कर सकते हैं, जन भागीदारी के सहयोग से÷ है।

## समुदाय को करें जागरूक

डीपीएम डॉ विनोद शाक्य ने कहा कि हम सीएचओ, आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से क्षेत्र में टीबी के प्रति समुदाय को जागरूक करें, ताकि वे स्वयं टीबी की जांच के लिए आगे आयें एवं प्रारंभिक अवस्था में ही उसका उपचार प्रारंभ किया जा सके। टीबी मरीजों को फूड बास्केट प्रदान करने के लिए लोगों को प्रेरित करें। कार्यक्रम में आईसीटीसी प्रभारी डॉ छत्रपाल सिंह पंवार, सीपीएचसी सलाहकार सुश्री रेजिना जेम्स, आरबीएसके मैनेजर श्री योगेन्द्र कुमार, प्रभारी परिवार कल्याण श्री भगत सिंह उइके, डीपीसी श्री अजय नागले, टीबी कार्यालय स्टाफ, लक्ष्यगत हस्तगत परियोजना से श्री निर्देश मदरेले एवं सदस्य, विकासखंड के एसटीएलएस एवं एसटीएस आदि मौजूद रहे।

# भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को दी श्रद्धांजलि

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** शहीद दिवस के अवसर पर भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहर के भगत सिंह चौक, अग्रवाल पेट्रोल पंप गंज बैतूल के सामने शाम 6 बजे 75 कदम 150 दिन मिशन, प्रतिध्वनि संस्था, दुर्गा उत्सव समिति एवं सिख यूथ विंग के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें नागरिकों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।




कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानी परिवार से अजय मिश्रा, विनय धर्माधिकारी, रमेश भाटिया, पिंकी भाटिया, संजू भाटिया, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष हेमंत वागद्रे, 75 कदम के नवल सिंह ठाकुर, नारायण चढ़ोकार, दीप मालवीय, इंदी वालिया, नंदू धोटेकर, आलोक झरबड़े, अरुण सोहने, चंद्रशेखर त्रिपाठी, हाकी बैतूल के सचिव जगेंद्र सिंह तोमर, सिख यूथ विंग के संयोजक बाली वालिया, प्रतिध्वनि संस्था के दिनेश जोसेफ, वरिष्ठ खिलाड़ी चिंतक मुकेश वर्मा, पत्रकार नईम मामू, नगर पालिका कर्मचारी संघ अध्यक्ष मदन विनोदकर, सहयोग संस्था के विजय वर्मा सहित इरशाद खान, पुरुषोत्तम महस्की, राकेश पवार, अमन जांगड़े, गुलाब बीनझाड़े, अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष राघव सिंह, बैतूल सवर्ण समाज के जिला संयोजक राकेश त्रिवेदी, जिला प्रवक्ता विकास गोल्डी मिश्रा, गुरुसिंह सभा के अध्यक्ष बंटी अहलूवालिया, जिला वालीबॉल संघ के अध्यक्ष बबन शर्मा, नरेश शर्मा, चिंटू निसार खान, साबिर मंसूरी, वसीम खान, रिजवान अली, बॉबी वालिया, अमजद खान, हफीज भाई, आशिफ पेंटर, नाजिम खान, कलीम खान सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# ग्यारहवीं का 80, नवमीं का 65 फीसदी रहा पाढर स्कूल का रिजल्ट

*__पाढर (राष्ट्रीय जनादेश)।__ पीएमश्री हायर सेकेण्डरी स्कूल पाढर में सोमवार को कक्षा नवमीं और 11वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस साल स्कूल में विगत वर्षों से सबसे बेहतर परीक्षा परिणाम आया है। कक्षा 11वीं में 80 फीसदी विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है वहीं कक्षा 9वीं का परिणाम भी 65 फीसदी रहा है। जो बीते साल के परीक्षा परिणाम से दोगुना से अधिक है। स्कूल के प्राचार्य डीके मानकर ने बेहतर परीक्षा परिणाम आने पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी है। पीएमश्री हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्राचार्य डीके मानकर ने बताया कक्षा नवमी में 228 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे जिसमें से 147 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए है। नवमी का परिणाम 65 फीसदी रहा। नवमी में अंशिका साहू ने 88.67 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, शिवम यादव 81.83 फीसदी अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे। इसी प्रकार कक्षा 11वीं में कुल 185 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी इसमें 147 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए है। कक्षा 11वीं में कृषि संकाय में विशाल वरकड़े ने 88.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अन्य संकायों में णित संकाय में रोशन वरकड़े ने 83.6 फीसदी, जीवविज्ञान संकाय में पूजा कुमरे ने 82.4 फीसदी, कला संकाय में नंदनी परते ने 75.6 फीसदी और वाणिज्य संकाय में आदित्य उईके ने 75.2 फीसदी अंक प्राप्त कर अपने-अपने संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल का रिजल्ट बेहतर आने पर प्राचार्य डीके मानकर सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी है। वहीं असफल रहे विद्यार्थियों को भी भविष्य में कड़ी मेहनत कर सफलता प्राप्त करने की नसीहत दी है।*

# किराए से भूमि लेकर लगाए टॉवर का नहीं दिया किराया

■ पीड़ित ने एसडीएम से शिकायत कर राशि दिलाने की मांग

**भैंसदेही(राष्ट्रीय जनादेश)।** किराये पर जमीन लेने के बाद पिछले 50 माह से किराये का भुगतान नहीं किया गया। जिसकी शिकायत पीड़ित अरूण पिता रामरतन धुन्धाडे निवासी पलासखेडी तहसील भैंसदेहीं ने एसडीएम अजीत मरावी से की है। शिकायत में बताया कि मेरी कृषि भूमि मौजा पलासखेडी में स्थित खसरा नम्बर 75 में से 30बाय50 कुल 1500 वर्गफुट कृषि भूमि पर सुमित डिजीटल इंदिरा स्ट्रक्चर प्रायवेट लिमिटेड इंदौर द्वारा रिलायंस जीओ टावर लगवाने के लिए 3500 रूपये प्रतिमाह किराये पर लेकर 14 अगस्त 2021 को अनुबंध किया है।



लिखित करार करार लिखने के पश्चात रिलायंस जीओ टावर लगाने का कार्य प्रारंभ कर दिया और बाद में सम्पूर्ण जीओ टावर लगाकर खडा कर दिया गया है, परन्तु अभी उसे चालु नही किया गया है। रिलायंस जीओ टावर मेरी कृषि भूमि में खडा कर, दो वर्ष बीत गये है, परन्तु करार अनुबंध के अनुसार अनुबंध की राशि का भुगतान अभी तक नही किया गया है। जीओ टावर खडा करने के पश्चात भी 50 माह का समय बित चुका है तथा लगभग 50 माह का किराया जो लगभग प्रतिमाह 3500 रूपये की दर से 1,75,000 रूपये बनता है। यह राशि कंपनी से दिलाये जाने की मांग पीड़ित ने की है। इसकी शिकायत कर पीडित ने कृषि भूमि में लगाये गये रिलायंस जीओ कंपनी का टावर हटाये जाने की भी मांग की है।

# जिले में पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** कृषि उप संचालक डॉ. आनंद बडोनिया ने बताया कि जिले में वर्तमान समय में यूरिया-17422 मीट्रिक टन, डीएपी-3044 मेट्रिक टन, सुपर फास्फेट-5922 मेट्रिक टन, पोटाश-1462 मेट्रिक टन एवं एनपीके-5572 मीट्रिक टन कुल-33422 मीट्रिक टन खाद उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि किसान कल्याण वर्ष में किसानों की सुविधा के लिए ई-टोकन सिस्टम प्रारम्भ किया जा चुका है। अब किसान घर बैठे एमपी कृषि पोर्टल के जरिए ऑनलाइन ई-टोकन जनरेट कर उर्वरक अपने निकट के निजी उर्वरक विक्रेता या संबंधित सहकारी संस्था से प्राप्त कर रहे है। इससे किसान को कतार में लगने व अनुचित उर्वरक दर से मुक्ति मिल गई है। ई-विकास के माध्यम से उन किसानों को भी उर्वरक दिया जा सकता है जिनके पास फार्मर आईडी नहीं है। हालांकि ऐसे मामलों में संबंधित तहसीलदार को एक संदेश भेजा जाता है, ताकि वे उन किसानों का फार्मर आईडी साथ ही बनवा लें और अगली बार से उन्हें फार्मर आईडी से बची हुई उर्वरक दी जाए। इसलिए ई-विकास में किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। इसी प्रकार, मृत किसानों /सिकमी / पट्टा / संयुक्त स्वामित्व / विदेश / शहर में रहने वाले संयुक्त खाते के किसानों /लोगों आदि सभी संभावित प्रकार के मामलों में भी ई-विकास प्रणाली में कृषकों को आसानी से खाद मिलना सुनिश्चित किया गया है। किसान उर्वरक पर्याप्तता के दृष्टिगत जरूरत अनुरूप ही खाद का उठाव करें।

# अधिकारियों ने लिए खाद्य पदार्थों के नमूने



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने भीमपुर-दामजीपुरा क्षेत्र से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए हैं। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में खाद्य पदार्थों का विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों की सघन जांच एवं नमूने लिए जाने की कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत 24 मार्च 2026 को अभिहित अधिकारी शैलेंद्र बडोनिया के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की खाद्य सुरक्षा अधिकारी मीना कुमरे के नेतृत्व में टीम ने भीमपुर तहसील के दामजीपुरा क्षेत्र में खाद्य प्रतिष्ठान वली एंड सैंस ट्रेडर्स, पीयूष आरसीएम का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने रवा, शक्कर, माजा, सोनपापडी, नमक खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए। लिए गए सैंपल खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे जाएंगे तथा जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान फूड सेफ्टी ऑफिसर मीना कुमरे ने सभी दुकानदारों को साफ-सफाई एवं स्वच्छता के मानकों का पालन करने के निर्देश दिए।

# राज्य स्तर पर किया आनंद क्लब का सम्मान

■ उत्कृष्ट कार्य पर प्रत्याक्षा और ताप्ती क्लब आए अव्वल

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। सेवा पखवाड़ा अभियान के उत्कृष्ट कार्यों के लिए दो आनंद क्लबों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान आनंद विभाग द्वारा 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक आयोजित सेवा पखवाड़ा अभियान कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी और जिला पंचायत सीईओ अक्षत जैन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। अभियान के दौरान प्रत्याक्षा आनंद क्लब बैतूल और ताप्ती आनंद क्लब ग्राम सिमोरी ने स्वच्छता, सामाजिक सेवा और कमजोर वर्गों की सहायता में उल्लेखनीय कार्य किए, जिसके आधार पर इन्हें क्रमशः प्रथम और द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया।**

## इन कार्यों का किया आयोजन

जिला संपर्क व्यक्ति महेश गुंजेले के अनुसार अभियान के अंतर्गत सार्वजनिक स्थलों, स्कूलों और ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान, निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, पोषण सहायता, मैराथन दौड़, रक्तदान शिविर और पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान का उद्देश्य स्वच्छता को जीवनशैली बनाना, सामाजिक सेवा को संस्कृति के रूप में बढ़ावा देना और नागरिकों में जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा।



## सामाजिक किए जा रहे कार्य

प्रत्याक्षा आनंद क्लब की संचालक तुलिका पचौरी ने बताया कि उनका क्लब पिछले चार वर्षों से दिव्यांग बच्चों और निषक्तजनों के लिए कार्य कर रहा है। ताप्ती आनंद क्लब सिमोरी के शैलेन्द्र बिहारिया ने बताया कि उनका क्लब सिमोरी और बैतूल क्षेत्र में स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय है। राज्य आनंद संस्थान के निर्देश पर कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय समिति द्वारा चयन प्रक्रिया पूरी की गई, जिसमें क्लबों से प्राप्त आवेदन और वेबसाइट पर अपलोड प्रतिवेदनों के आधार पर निर्णय लिया गया। यह सम्मान अंतर्राष्ट्रीय खुशहाली दिवस पर आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में आयोजित आनंद के आयाम राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष गुप्ता, निदेशक सत्य प्रकाश, हरिद्वार से स्वामी मधुसूदन महाराज, भारतीय नैतिक चरित्र निर्माण दिल्ली से स्वामी रामकृष्ण गोस्वामी और हैदराबाद से सुब्रमण्यम शंकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर बैतूल जिले से जिला संपर्क व्यक्ति डॉ. महेश गुंजेले, मास्टर ट्रेनर दिलीप गीद, रेखा कापसे, प्रत्याक्षा आनंद क्लब से तुलीका पचौरी, आशीष पचौरी, ताप्ती आनंद क्लब सिमोरी के शैलेन्द्र बिहारिया, पंजाबराव गायकवाड़, प्रीतम सिंह मरकाम, चंचल पांसे, प्रकाश देवड़ा, जलदीप वर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। उत्कृष्ट पुरस्कार मिलने पर निमिषा शुक्ला, अंश त्रिपाठी, प्रमिला धोत्रे, नीलू भार्गव, वर्षा उमप और उषा सातनकर